स्टेट ब्रीफ

## लोक गायक मासूम शर्मा पर मामला दर्ज

**देहरादून :** डीएवी कॉलेज में छात्र संघ समारोह के कार्यक्रम के दौरान मंच से अभद्र, अश्लील व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में हरियाणवी लोक गायक मासूम शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार शाम को हुई इस घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो तथा डीएवी महाविद्यालय के सत्यम शिवम छात्र संगठन के प्रतिनिधि प्रांचल नौनी की तहरीर के आधार पर मासूम शर्मा के खिलाफ कोतवाली डालनवाला में रविवार देर रात मामला दर्ज किया गया। तहरीर में आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान शर्मा ने मंच से अभद्र, अश्लील व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जिससे वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं और आम लोगों की भावनाएं आहत हुईं।

### दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे पर बने एलिवेटेड कारिडोर की हैं कई खासियत, 12 किमी लंबा यह कारिडोर विकास व पारिस्थितिकी के संतुलन का उदाहरण

# वन्य जीवों का सुरक्षा कवच बनेगा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**20** किलोमीटर वन क्षेत्र शामिल है एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट में 40 करोड़ के अतिरिक्त बजट से हो रहे अहम कार्य



**अमृत विचार:** दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे पर बना एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कारिडोर वन्य जीवों का सुरक्षा कवच बनेगा। यही नहीं, इसके निर्माण से मानव-वन्य जीव संघर्ष में कमी की प्रबल संभावना है। इस 12 किलोमीटर लंबे एशिया के संबसे लंबे एलिवेटेड कारिडोर को विकास और पारिस्थितिकी के संतुलन का बेहतरीन उदाहरण माना जा रहा है।

दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे और उससे जुडे. वन और वन्य जीवों के विषय को लेकर सोमवार को वन मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रेस वार्ता में इस कॉरिडोर से वन एवं वन्य जीवों को होने वाले लाभों के विषय में जानकारी दी। बताया कि इस परियोजना का आखिरी 20 किलोमीटर भाग उत्तर प्रदेश के शिवालिक वन प्रभाग एवं उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व व देहरादून वन प्रभाग के घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यह परियोजना विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में इस परियोजना के अंतर्गत वन भूमि के हस्तांतरण के सापेक्ष व्यापक स्तर पर प्रतिपूरक पौधरोपण किया गया है। 165.5 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक पौधरोपण कार्य किया गया है, जिसमें 1.95 लाख पेड़ लगाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के निर्देशन में 40 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि से वन एवं वन्य जीव सरंक्षण हेतु इको रेस्टोरेशन के विभिन्न कार्य भी संपादित हो रहे हैं।

### एशिया का सबसे लंबा एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर



वन मंत्री सुबोध उनियाल के अनुसार, इस राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में एशिया का सबसे लंबा लगभग 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर निर्मित किया गया है, जो विशेष रूप से वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन हेतु विकसित किया गया है। इसमें हाथी अंडरपास एवं अन्य वन्यजीवों पास का भी निर्माण किया गया है, जिससे वन्यजीवों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके। परियोजना के निर्माण के दौरान वन्य जीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय अपनाए गए हैं। इसके अंतर्गत साउंड बैरियर एवं लाइट बैरियर जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे वन्यजीवों पर शोर एवं प्रकाश प्रदूषण का न्यूनतम प्रभाव ही पड़े।

### 19 प्रतिशत ईंधन की होगी बचत

कॉरिडोर के निर्माण से अगले 20 वर्षों में 240 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो कि लगभग 60-68 लाख पेड़ों के द्वारा किए जाने वाले कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण के समान है। साथ ही, 19 प्रतिशत ईंधन की बचत भी होगी। यह परियोजना वन्य जीवों के लिए सुरक्षित प्रवास के साथ समय में कमी लाएगी। साथ ही, पर्यटन, व्यापार एवं स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगी, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### जैव विविधता के संरक्षण के लिए अहम

वन मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी तथा वन्यजीवों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। इससे विभिन्न प्रजातियों के बीच बेहतर आनुवंशिक आदान-प्रदान संभव होगा, जो जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### तकनीक ने बचा लिए 33,840 पेड़

दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे परियोजना के निर्माण के दौरान पहले 45 हजार पेड़ काटने की आवश्यकता बताई गई थी, लेकिन वैज्ञानिकों की कुशलता और तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से 33,840 पेड़ कटने से बच गए। इस परियोजना के निर्माण में 11,160 पेड़ों को काटना पड़ा, जबकि पूर्व में 45 हजार पेड़ काटे जाने की बात थी।

# लंबित घोषणाओं को लेकर 20 दिनों में जारी होंगे शासनादेश: मुख्यमंत्री

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चार विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित घोषणाओं की समीक्षा की

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



समीक्षा बैठक में सीएम पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते बागेश्वर, डीडीहाट व कपकोट के विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। लंबित घोषणाओं पर अधिकतम 20 दिनों में शासनादेश जारी हो जाएं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सरकार के मूल मंत्र ''सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि'' के आधार पर कार्य करने के निर्देश देते कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का संबंधित क्षेत्र के विधायकों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका प्रभावी समाधान निकाला जाए, ताकि विकास कार्यों की गति बनी रहे।

सीएम ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि स्थानांतरण से जुड़े मामलों की जिला स्तर पर नियमित समीक्षा करें। वन भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं में विभागीय समन्वय बनाकर तेजी से विकास कार्यों में बाधा दूर करें। सीएम ने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रख-रखाव के लिए संबंधित विभागों की समन्वय समिति गठित करें। समिति सड़कों के मेंटिनेंस कार्यों की नियमित निगरानी करे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम व सुरक्षित रहे। बैठक में संबंधित विधायकों सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### वर्षा काल से पहले हो पैचवर्क

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़कों के पैच वर्क का कार्य वर्षाकाल से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश देते कहा कि जिन स्थानों पर खेल मैदानों के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां 15 दिनों में आवश्यक धनराशि जारी करें ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## 'श्री बाबा नीम करौरी महाराज' फिल्म का ट्रेलर किया लॉन्च



**देहरादूनः** सीएम पुष्कर सिंह धामी, योग गुरु स्वामी रामदेव और परमार्थ निकेतन के केंद्रीय अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने बहुप्रतीक्षित आध्यात्मिक फिल्म "श्री बाबा नीब करौरी महाराज" का सोमवार को प्रोमो और पोस्टर का विमोचन किया। यह फिल्म 24 अप्रैल को देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं है, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास है। बाबा नीब करौरी महाराज का दिव्य जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी शिक्षाएं सरलता, करुणा, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं, जो वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने आशा जतायी कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी व नई पीढ़ी को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ेगी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सांसदों व प्रदेश अध्यक्षों को पत्र

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 16 अप्रैल से संसद में प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र से पहले एक अहम पहल करते हुए राज्य के सभी सांसदों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों को पत्र भेजकर महिला आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने और संसद में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

पत्र में सीएम ने कहा कि उत्तराखंड के संदर्भ में यह कदम इसलिए और भी अहम है क्योंकि हमारा राज्य सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से सदैव मातृशक्ति को सम्मान देने की परम्परा का पालन करता आया है। पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाएं परिवार, आजीविका और सामुदायिक जीवन की मुख्य आधारशिला रही हैं और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच वे निरंतर जिम्मेदारियों का निर्वहन करती रही हैं। यह अधिनियम राज्य की उन बेटियों के लिए नए अवसर खोलेगा जो राजनीति, समाज सेवा, शिक्षा, उद्यमिता और सार्वजनिक जीवन में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं, नगर निकायों और सहकारी संस्थाओं में महिला आरक्षण के सफल क्रियान्वयन ने सक्षम महिला नेतृत्व की एक सशक्त पंक्ति तैयार की है, जो अब राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भी अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। सीएम धामी ने विश्वास जताया कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करेगी, बल्कि समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को और अधिक संवेदनशीलता से समझने और संबोधित करने में भी सहायक होगी।

मुख्यमंत्री ने सभी से इस विषय पर व्यापक सहमति स्थापित करने का प्रयास करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह मुद्दा किसी दल या व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि देश की माताओं-बहनों बेटियों के सम्मान तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य से जुड़ा हुआ है। हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक परिवर्तन को साकार करेंगे और देश की नारी शक्ति को वह सम्मान और अवसर प्रदान करेंगे जिसकी वे हकदार हैं। कहा कि यह अवसर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ देश की आधी आबादी को निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में अधिक प्रभावी रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत करता है। एक समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब उसकी महिलाएं समान अवसरों के साथ आगे बढ़ें और नेतृत्व की भूमिकाएं निभाएं। आज देश की बेटियां स्पेस से लेकर स्पोर्ट्स तक, सशस्त्र बलों से लेकर स्टार्ट-अप्स तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं और अपनी मेहनत व संकल्प से नए मानक स्थापित कर रही हैं।

### अब लागू करने का आ गया समय

मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 2023 में सभी दलों के सांसदों ने एकजुट होकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया था, जो भारतीय लोकतंत्र की एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज है। इसके क्रियान्वयन को लेकर संसद में विचार हुआ था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की थी कि इसके प्रावधानों को यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों, संवैधानिक विद्वानों और राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि अब इस अधिनियम को उसकी पूर्ण भावना के साथ लागू करने का समय आ गया है।

### सीएम योगी और धामी ने परखीं व्यवस्थाएं

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थलों पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था परखी। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मीय स्वागत को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खासकर बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और उत्तराखंड के हरिद्वार, रुड़की तथा देहरादून जनपद की आम जनता भी पलक पांवड़े बिछाकर आतुरता से प्रतीक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व संध्या पर सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड के सीमावर्ती आयोजन स्थल जनपद सहारनपुर की बिहारीगढ़ तहसील के गणेशपुर गांव में पहुंचे। यही वह स्थान है, जहां प्रधानमंत्री मोदी इस दिल्ली-दून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। सीएम योगी डाट काली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना भी की।



### पीएम की सुरक्षा में 550 महिला पुलिस अधिकारी

**देहरादून :** प्रधानमंत्री मोदी के भ्रमण कार्यक्रम में ड्यूटी के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को पूर्णतः त्रुटिरहित, सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु उत्तराखंड पुलिस द्वारा एसएसपी स्तर से लेकर कांस्टेबल स्तर तक लगभग 550 महिला अधिकारी/कर्मियों की रणनीतिक तैनाती की गई है। यह तैनाती वीवीआईपी रूट, कार्यक्रम स्थल, कंट्रोल रूम तथा अन्य सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्वाइंट्स पर सुव्यवस्थित एवं बहुस्तरीय सुरक्षा ग्रिड के अंतर्गत सुनिश्चित की गई है। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में महिलाशक्ति को अग्रणी भूमिका प्रदान करते हुए उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों की कमान सौंपी गई है, जिससे संपूर्ण ऑपरेशन में बेहतर समन्वय, संवेदनशीलता, सतर्कता एवं त्वरित निर्णय क्षमता सुनिश्चित हो सके। महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मियों की उच्च पेशेवर क्षमता एवं प्रतिबद्धता वीवीआईपी ड्यूटी को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाती है।






# देहरादून में अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे पीएम मोदी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** पीएम नरेंद्र मोदी के आज देहरादून भ्रमण के दौरान अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा के साथ ही हर रूट पर हाई अलर्ट रहेगा। कार्यक्रम स्थलों को जोन और सेक्टर में बांटते हुए 3000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

प्रधानमंत्री के आगमन की पूर्व संध्या पर पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से 'मिनट-टू-मिनट' रिहर्सल की गई। इस दौरान कार्यक्रम से जुड़े समस्त प्रोटोकॉल, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। डीजीपी दीपम सेठ ने पुलिस लाइन में सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारियोंको अंतिम रूप देते हुए विस्तृत समीक्षा व ब्रीफिंग की। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, समन्वित एवं त्रुटिरहित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने सभी अधिकारियों को वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप अत्यधिक सजग, सतर्क एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए।

### ड्रोन पर प्रतिबंध वन क्षेत्र में चौकसी

सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन्स का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा रोड शो के दौरान लगने वाले वन क्षेत्र में कड़ी चौकसी बरती जाएगी। सुरक्षा और आम जनता की सहूलियत को देखते हुए जिले में मुख्य स्थानों पर रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है।



समीक्षा एवं ब्रीफिंग करते पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ। ● अमृत विचार

## पीआरडी कार्मिक का निधन

**देहरादूनः** सूचना विभाग के पीआरडी कार्मिक विनोद प्रसाद लखेड़ा का सोमवार को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। वर्ष 2010 से सूचना विभाग में निरंतर सेवाएं दे लखेड़ा वर्तमान में मीडिया सेंटर विधानसभा में कार्यरत थे। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर निदेशक सूचना आशिष कुमार त्रिपाठी के साथ ही प्रभारी मीडिया सेंटर विधानसभा मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## सिटी इंवेट्स

- गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में कॉर्बेट लीग का सेमीफाइनल 10 बजे
- अंबेडकर जयंती पर एक विशाल रैली निकाली जाएगी 11 बजे
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विभिन्न मांगों को लेकर बुद्ध पार्क में धरना 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष का हल्द्वानी में स्वागत

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के पहली बार हल्द्वानी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मुंशी हरिप्रसाद टम्टा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संगठन 27 राज्यों में सक्रिय है और दलित व पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना उसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनावों में संगठन भागीदारी करेगा। कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, सुलेमान मलिक, दीपक चनियाल, सखावत हुसैन विकास चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पांच दिन में पारे में 14 डिग्री का उछाल

**हल्द्वानी :** बारिश के बाद अब पारे में फिर से उछाल आ रहा है। पिछले पांच दिनों के अंदर पारे में 14 डिग्री का उछाल आ गया है। हल्द्वानी में सोमवार को दोपहर के समय गर्मी रही। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री रहा जो सामान्य के करीब है। इधर न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया है। आठ अप्रैल को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 20 डिग्री था। शहर एक बार फिर से ठंड की चपेट में आ गया था और अब पारे में करीब 14 डिग्री का उछाल आ गया है।

### वन विभाग ने ताकुला क्षेत्र में फायर ड्रिल की

**नैनीताल :** तेज हवा के साथ पिरूल गिरने और धूप से जगंलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर वन विभाग ने सड़क पर गिरे पिरूल हटाकर फायर ड्रिल शुरू कर दी है। हल्द्वानी रोड को वन विभाग अति संवेदनशील क्षेत्र मानकर लगातार नजर बनाए हुए है। यहां लगातार गश्त और कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। बीते दिनों बारिश और तेज हवा से भारी मात्रा में पिरूल गिरा है। अब गर्मी बढ़ने के कारण आग का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए वन विभाग सड़क किनारे से पत्ते, पिरूल व घास को सड़क से हटा रहा है। सोमवार को ताकुला क्षेत्र में फायर ड्रिल की गई। टीम ने सूखे पत्ते व पिरूल को एकत्र कर जलाया। लोगों आग न लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है। सड़क किनारे गिरे सूखे पत्तों को जलाकर कंट्रोल बर्निंग की जा रही है।

# शहर में जलभराव से निपटने के लिए तीन दिन में दें डीपीआर : डीएम

## डीएम रयाल ने नगर निगम, सिंचाई विभाग के अफसरों को बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन मानसून में शहर में होने वाले जलभराव को लेकर सतर्क हो गया है। नैनीताल डीएम ने नगर निगम, प्रशासन, यूयूएसडीए, सिंचाई, जल संस्थान के साथ संयुक्त बैठक की और जल भराव के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

डीएम रयाल ने सोमवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते शनिवार को सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में आगामी मानसून से पूर्व मैदानी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। जलभराव के लिहाज से सभी संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल योजना बनाकर शासन को भेजी जाए ताकि मानसून से पूर्व इसका समाधान हो सके। शहर में छह नालों के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। इन नालों के साथ ही सभी छोटे-बड़े नालों की निकासी के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट, सिंचाई ईई तथा यूयूएसडीए परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि वे तीन दिन के भीतर नगर निगम तथा रामनगर क्षेत्र के सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव की रोकथाम के लिए डीपीआर पेश करें। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप कुमार आदि रहे।



कैंप कार्यालय में बैठक करते डीएम ललित मोहन रयाल व अन्य। ● अमृत विचार

### रामनगर को भी जलभराव से निजात दिलाएं

**हल्द्वानी :** डीएम ने रामनगर सिंचाई ईई को निर्देश दिए कि चोरपानी, गौजानी, पदमपुरी, भरतपुरी, लखनपुरी व मालधनचौड़ क्षेत्रों में जलभराव के स्थायी समाधान के लिए स्थलीय निरीक्षण कर डीपीआर उपलब्ध कराएं। इस पर बताया गया कि चोरपानी व गौजानी क्षेत्र की समस्या का स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर समाधान कर लिया गया है। मालधनचौड़ में विभिन्न चरणों में होने वाले कार्यों से 7 गांवों को जलभराव से राहत मिलेगी।

### सिंचाई विभाग ने प्रगति की दी रिपोर्ट

**हल्द्वानी :** डीएम रयाल ने सिंचाई विभाग की प्रगति समीक्षा भी की। सिंचाई एसई महेश खरे ने बताया कि रकसिया नाला बिड़ला स्कूल से आगे ओवरफ्लो हो जाता है जिसके समाधान के लिए कार्य प्रगति पर है, डीपीआर तैयार की जा रही है। चौफुला चौराहे से पनियाली तक नहर कवरिंग पूरी हो गई है। कलसिया नाले की सफाई व व्यवस्था मानसून से पूर्व कराने के निर्देश दिए गए ताकि गौला नदी में प्रवाह सुचारू रहे। काठगोदाम स्थित देवखड़ी नाले पर चल रहे सुरक्षा कार्यों को मानसून से पूर्व पूरा करने को कहा गया।

# भाई को मोबाइल का पिन कोड भेजकर युवती ने की खुदकुशी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम थाना क्षेत्र के चांदमारी में 24 वर्षीय तलाकशुदा युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से पहले युवती ने अपने मुंहबोले भाई को व्हाट्सएप पर मैसेज कर अपने मोबाइल का पिन कोड भेजा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, चांदमारी निवासी दिया आर्या (24) अपनी तीन बहनों के साथ रहती थी। उनके पिता का एक वर्ष पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिसके बाद उनकी मां घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। दिया परिवार की सबसे बड़ी बेटी थी और एमबीपीजी कॉलेज में ग्रेजुएशन फाइनल की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि रविवार रात दिया ने परिवार के साथ भोजन किया और फिर अपने कमरे में चली गई। इसके बाद उसने अपने मुंहबोले भाई को व्हाट्सएप पर मैसेज कर मोबाइल का पिन कोड भेजा। भाई को शक होने पर उसने दिया को कॉल करना शुरू किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। करीब 40 बार कॉल करने के बाद भी जब संपर्क नहीं हुआ तो वह दिया के घर पहुंचा, जहां उसे घटना की जानकारी मिली। आनन-फानन में परिजन दिया को बेस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी दी।

### अल्मोड़ा में बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**अल्मोड़ा :** नगर के जौहरी बाजार में एक युवती ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर मौके पर पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम नौला, शीतलाखेत निवासी संजना आर्या पुत्री नरेंद्र कुमार, नगर के जौहरी बाजार स्थित अपने भाई के साथ किराये के कमरे में रहती थी। संजना एसएसजे परिसर में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। रविवार देर शाम जब संजना का भाई लाइब्रेरी गया हुआ था, तब संजना कमरे में अकेली थी। भाई जब वापस लौटा तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया। काफी देर तक कुंडा खटखटाने और आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो अनहोनी की आशंका हुई। खिड़की से झांकने पर देखा गया कि संजना का शव फंदे से लटका हुआ था। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।

### दुखों से लगातार रहा नाता

**हल्द्वानी :** मृतका के परिचितों ने बताया कि इस परिवार का दुखों से ही नाता रहा है। पहले पिता की मृत्यु हो गई, जिससे परिवार आर्थिक परेशानियों से जूझने लगा। मां ने किसी तरह से काम करके घर को संभाला तो अब बेटी की मौत हो गई।

# युवक ने झील में लगाई छलांग, नाव चालकों ने बचाया

**नैनीताल:** तल्लीताल मॉलरोड क्षेत्र में एक युवक ने अवसाद में झील में छलांग लगा दी। समय रहते नाव चालकों ने युवक को डूबने से बचा लिया। वहीं पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद युवक को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

रविवार की देर शाम एक युवक ने तल्लीताल मॉलरोड में झील में छलांग लगा दी। युवक को झील में कूदता देख वहां मौजूद नाव चालकों ने सक्रियता दिखाई और युवक को बचाने के लिए झील में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद नाव चालकों ने युवक को झील से निकाल लिया और पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। एसआई बबिता ने बताया कि मुखानी हल्द्वानी निवासी नीरज अवसाद के चलते झील में कूद गया था। पूछताछ व इलाज के दस्तावेज देखने के बाद पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद युवक को उसके परिजन को सौंप दिया है।

# काम ज्यादा वेतन कम, आंगनबाड़ी वर्कर्स का दिखा दम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।

धरने के चलते जिले के सैकड़ों आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई और पोषण सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पा नेगी, कांग्रेस नेता हरीश पनेरू, यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान और जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट ने भी आंदोलन को समर्थन दिया।

समर्थन देने पहुंचे नेताओं ने एक स्वर में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाने के साथ ही अन्य सरकारी कार्यों में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 'जिस देश की नारी सड़कों पर, उस देश का क्या होगा' जैसे नारों के साथ विरोध जताया। जिलाध्यक्ष रेखा आर्या ने कहा कि जब तक मानदेय में बढ़ोतरी नहीं होगी, तब तक केंद्रों में काम नहीं किया जाएगा। साथ ही पोषण ट्रैकर, बीएलओ सहित सभी सरकारी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार जारी रहेगा। फाकिया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार हड़ताल को दबाने की कोशिश करती है, तो वे इस्तीफा देने के लिए भी तैयार हैं। कमला आर्य ने बताया कि मोबाइल रिचार्ज के लिए सालाना मात्र 2000 रुपये मिलते हैं, जो मौजूदा खर्च के हिसाब से बेहद कम हैं। उन्होंने कहा कि 24 घंटे कार्य करने के बावजूद उन्हें केवल 9000 रुपये मानदेय मिलता है। मांग की गई कि न्यूनतम मानदेय 24 हजार रुपये किया जाए।

धनपा बिष्ट ने कहा कि उनसे कई विभागों का कार्य लिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद उचित वेतन नहीं दिया जाता। धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक रैली निकालकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। धरने में हल्द्वानी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही ओखलकांडा, धारी ब्लॉक, भीमताल और नैनीताल जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की।



हल्द्वानी में मांगों को लेकर रैली निकालतीं आंगनबाड़ी कर्मचारी। ● अमृत विचार



जब तक मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की जाती, तब तक आंगनबाड़ी केंद्रों में काम बंद रहेगा। बीएलओ जैसे कई सरकारी कार्य भी हम किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उचित मानदेय नहीं मिल रहा है। **-हेमा पाठक** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



मोबाइल रिचार्ज के लिए सालाना केवल 2हजार रुपये दिए जाते हैं, जो मौजूदा समय में बहुत कम हैं। उन्होंने बताया कि 24 घंटे सेवा देने के बावजूद केवल 9 हजार रुपये मानदेय मिलना बेहद निराशाजनक है। **-भगवती बिष्ट**, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कई विभागों के कार्य लिए जाते हैं, लेकिन इसके अनुरूप वेतन नहीं दिया जाता। सरकार को कम से कम न्यूनतम मानदेय तो देना चाहिए। **-नीता तिवारी**, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने हम सभी सरकारी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार और सामूहिक इस्तीफे तक के लिए तैयार हैं। **-मधु सिंह** सहायक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

# आंगनबाड़ी वर्कर्स को यूकेडी ने दिया समर्थन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल ने जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में बुद्ध पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं को जायज बताते हुए सरकार से उनका शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की गई। कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स का मानदेय बढ़ना चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट, पार्षद रवि वाल्मीकि, केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट, राजीव लोचन, हरीश कौटिल्य, चंदन लोदियाल, हरीश मेवाड़ी, प्रमोद सती, श्याम सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, मदन सिंह बिष्ट, कुंदन कुमार, शाहिद सिद्दीकी, कैप्टन महेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 26 फरवरी से बंद है राशन कार्ड ई-केवाईसी का पोर्टल, कई वंचित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले में ई-केवाईसी करने वाला पोर्टल 26 फरवरी से बंद है, फिलहाल आगे यह प्रक्रिया दोबारा होगी या नहीं इस पर कोई सूचना नहीं है। पोर्टल के बंद रहने के कारण राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है और संबंधित जानकारी भी साझा नहीं की जा रही है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले में करीब 80 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों ने ही ई-केवाईसी कराई थी। नैनीताल जिले में कुल राशन कार्ड धारकों की संख्या लगभग 2.46 लाख है, जिसमें 1.15 लाख से अधिक सफेद, 1.13 लाख पीले और 17 हजार से अधिक गुलाबी (अंत्योदय) कार्ड शामिल हैं। इन कार्डों का सत्यापन और ई-केवाईसी प्रक्रिया 28 फरवरी तक चली थी। जिसके तहत अपात्रों की पहचान की गई। शेष लोगों के लिए यह कार्य अधर में लटक गया है, जिससे उनके राशन कार्ड रद्द होने का खतरा भी बढ़ गया है। अभी फिलहाल यह भी नहीं पता है कि जिनकी ई-केवाईसी नहीं हुई उनके राशन कार्ड के साथ क्या होगा। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन ने बताया कि फिलहाल ई-केवाईसी का पोर्टल पूरी तरह से बंद है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उच्च स्तर से दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे, उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन माह का राशन एक साथ मिलेगा

पूर्ति विभाग ने सभी राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों पर राशन आ गया है। नैनीताल जिले में सभी राशन कार्ड धारकों को अप्रैल से जून तक राशन मिलेगा। इसके अलावा अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को छह किलो चीनी भी दी जाएगी। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय जोशी ने कहा कि सभी गल्ला विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वह गोदामों से कोटे के राशन उठा लें।

# सरकारी स्कूलों में अब नोटबुक भी फ्री मिलेंगी

संवाददाता, हल्द्वानी

**01** से 12वीं तक कक्षा के अनुसार बांटी जाएंगी कॉपियां

**अमृत विचार :** शैक्षिक वर्ष 2026-27 में प्रदेश के सभी राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के साथ-साथ नोटबुक भी वितरित की जाएंगी।



निदेशालय से जारी निर्देशों के अनुसार कक्षा 1 से 2 तक के प्रत्येक विद्यार्थी को 2 नोटबुक, कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को 3 नोटबुक और कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को 5 नोटबुक दी जाएंगी। सीईओ जीआर जायसवाल ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने और उनकी पढ़ाई को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इस पहल से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को राहत मिलेगी और उन्हें अध्ययन सामग्री की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही, इससे स्कूलों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ने के साथ शिक्षण कार्य और सीखने की प्रक्रिया को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

# विधायक व गायक पर केस दर्ज करने की मांग

**हल्द्वानी :** देहरादून के डीएवी कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक गायक द्वारा मंच से कथित तौर पर अभद्र भाषा के प्रयोग पर विवाद खड़ा हो गया है।

इस मामले पहाड़ी आर्मी ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर गायक, आयोजक मंडल और विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कार्यक्रम में गायक ने अश्लील शब्दों का प्रयोग किया और होटल में जानलेवा हमले की बात कहकर तनावपूर्ण माहौल बनाया। आरोप है कि विधायक ने भी गायक को रोकने के बजाय भड़काऊ भाषण दिया। तहरीर देने वालों में फौजी राजेंद्र कांडपाल, दीपा पांडे, प्रेमा मेर, फौजी भुवन चंद्र पांडे, कविता जीना, देवेन्द्र श्यालाकोटि, नीमा भट्ट रहे।

# चार साल के जश्न पर नेता प्रतिपक्ष के तीखे सवाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आयोजित जश्न को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन का स्वागत है, लेकिन जश्न के शोर में जनता के असली मुद्दे दबाए नहीं जा सकते।



आर्य ने सवाल उठाया कि आखिर यह जश्न किस बात का है। बेरोजगारी, महंगाई, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, पलायन, भ्रष्टाचार या बिगड़ती कानून व्यवस्था का? उन्होंने कहा कि चार वर्षों में सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए, इसका जवाब जनता चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश का युवा बेरोजगारी, भर्ती घोटालों और पेपर लीक से परेशान है, जबकि स्थायी नौकरियों को लेकर सरकार स्पष्ट नहीं है। स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बदहाल बताते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टरों और संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया। पलायन, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर भी आर्य ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जनता अब जश्न नहीं, जवाब चाहती है।

**व्यवस्था** — आंबेडकर जयंती पर मंगलवार को निकलेगी शोभा यात्रा, पुलिस ने जनता से की सहयोग की अपील

# आंबेडकर जयंती पर आज शहर में डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर मंगलवार को निकलने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर नैनीताल पुलिस ने शहर में यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था शोभा यात्रा शुरू होने से उसके समापन तक प्रभावी रहेगी।

शोभा यात्रा मंगलपड़ाव से शुरू होकर सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, रोडवेज, एसडीएम कोर्ट तिराहा, त्रिलोक पेट्रोल पंप, प्रेम टॉकीज, रेलवे क्रॉसिंग, राजपुरा, तिकोनिया, डिग्री कॉलेज तिराहा, कुल्यालपुरा, दोनहरिया, पनचक्की चौराहा होते हुए अंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा में समाप्त होगी। रामपुर रोड, बरेली रोड और कालाढूंगी रोड से आने-जाने वाली बसों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। रैली के विभिन्न स्थानों पर पहुंचने के अनुसार बसों को आईटीआई तिराहा, तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापुल, ताज चौराहा और लालडांठ तिराहा आदि स्थानों से डायवर्ट या रोका जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसों को नारीमन तिराहा और तिकोनिया होते हुए रोडवेज तक पहुंचाया जाएगा। बरेली रोड, रामपुर रोड और कालाढूंगी रोड से आने वाले छोटे वाहनों को तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापार रोड, नारीमन तिराहा, आईटीआई, मुखानी चौराहा आदि मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।

### इन क्षेत्रों में रहेगा प्रतिबंध

शोभा यात्रा के दौरान तिकोनिया, राजपुरा, वर्कशॉप लाइन, प्रेम टॉकीज, डिग्री कॉलेज, कुल्यालपुरा और आसपास के मार्गों पर अलग-अलग समय में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा पनचक्की चौराहा और दोनहरिया क्षेत्र में भी ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा।

### कैंची धाम क्षेत्र में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**हल्द्वानी :** आंबेडकर जयंती और वैसाखी अवकाश के मद्देनजर कैंची धाम, भवाली व भीमताल क्षेत्र में बढ़ने वाले यातायात दबाव को देखते हुए प्रशासन ने विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया है। अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब व खैरना से रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग होते हुए भेजा जाएगा। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले आवश्यक सेवा वाहनों को ही अनुमति होगी, जबकि अन्य भारी वाहनों को भवाली मस्जिद तिराहा पर रोका जा सकता है या वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों के निजी वाहनों को भीमताल विकास भवन और भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम मंदिर भेजा जाएगा।

### सरकारी अस्पताल रहेंगे बंद, इमरजेंसी सेवा जारी

**हल्द्वानी :** आंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को नैनीताल जिले के सभी सरकारी अस्पताल पूरी तरह बंद रहेंगे, हालांकि इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे जारी रहेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने बताया कि अंबेडकर जयंती के कारण सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि पहले अवकाश के दिन आधे दिन ओपीडी चलती थी, लेकिन प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के निर्णय के बाद अब अवकाश वाले दिन अस्पताल पूर्ण रूप से बंद रहते हैं।

# एमएनए ने ऊंचापुल क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने सोमवार को ऊंचापुल सड़क चौड़ीकरण का संयुक्त सर्वे किया। ऊंचापुल के पास सड़क चौड़ीकरण में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए मौके पर स्थिति का जायजा लिया।

यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि ऊंचापुल में सिंचाई विभाग की नहर ऊपर-नीचे होने के कारण सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि चौड़ीकरण के लिए नहर को शिफ्ट किया जाएगा। बताया कि अगले सप्ताह से इसका कार्य शुरू किया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद दो सड़कों की दूरी को पाट लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नहर के कारण वाहनों के आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। कुलदीप सिंह ने बताया कि इसके बाद कुसुमखेड़ा, कठघरिया और कालू सिद्ध मंदिर के पास चौड़ीकरण कार्य पूरा किया जाएगा। इस दौरान सिंचाई विभाग के एसई एमके खरे और ईई दिनेश रावत मौजूद रहे।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त परितोष वर्मा, यूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह।

**सिटी ब्रीफ**

## आंबेडकर जयंती पर निकलेगी बाइक रैली



**कालाढूंगी :** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कालाढूंगी नगर में बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. आंबेडकर एकता फाउंडेशन के तत्वावधान में रैली निकाली जा रही है। रैली गुलजापुर बंकी कार्यालय से शुरू होकर नगर क्षेत्र से होते हुए बौरपुल तक पहुंचेगी, जिसके बाद राइंका के मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अरविंद कुमार ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सूर्यास्त के बाद नौकायन पर चार नाविकों के लाइसेंस जब्त

**नैनीताल :** नैनी झील में सूर्यास्त के बाद पर्यटकों को नौकायन कराने पर नगर पालिका ने चार नाव चालकों का लाइसेंस जब्त किया है। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम सूर्यास्त के बाद पालिका टीम ने कार्रवाई करते हुए चालकों को नौकायन कराते पकड़ा। इस पर पालिका ने सभी नाव चालकों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को नोटिस जारी किया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने को चेताया। पालिका के लाइसेंस क्लर्क अमन महाजन ने बताया कि नियमों के अनुसार सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद नैनी झील में नौकायन कराना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में लालकुआं प्रथम, पर्यावरण मित्रों का सम्मान

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** नगर पंचायत लालकुआं को प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर आयोजित भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उत्तराखंड के शहरी विकास एवं पर्यावरण मंत्री राम सिंह कैड़ा ने नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत लालकुआं के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि लालकुआं नगर पंचायत प्रदेश की मॉडल नगर पंचायत है और इसे और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार सदैव इसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पर्यावरण मित्रों, नगर वासियों और नगर पंचायत बोर्ड के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यदि इसी तरह मेहनत और समर्पण जारी रहा तो लालकुआं नगर पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट स्थान दिलाया जा सकता है। इसके लिए राज्य सरकार और नगर विकास विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने कहा कि जल्द ही लालकुआं गौला रोड पर फ्लाईओवर निर्माण एवं नगर पंचायत के विस्तारीकरण का तोहफा क्षेत्रवासियों को दिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्तराखंड में प्रथम स्थान प्राप्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों नगर वासियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय सेना के रानीखेत बैंड का शानदार प्रदर्शन रहा, जिसे खूब सराहा गया। इस अवसर पर एचसीएम स्कूल और होली ट्रिनिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, पर्यावरण मित्रों तथा नगर पंचायत के पूर्व एवं वर्तमान अधिशासी अधिकारियों राहुल कुमार सिंह एवं ईश्वर सिंह रावत को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि रहे।



लालकुआं में पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करते शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा व अन्य। ● अमृत विचार

### सम्मानित प्रतिभागी एवं उपलब्धियां

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें शामिल हैं दिनेश सिंह (सहकारिता विभाग), कृतिका राणा, राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह (खो-खो में चयन पर), सोनाक्षी लोटनी और नितिन भाटी (क्रिकेट में चयन), फैजान (हाईस्कूल में प्रथम स्थान), मीरा गंगवार और मुन्नी देवी, देवेंद्र कनवाल और हेमंत जीना (26 जनवरी परेड में प्रतिभाग) तथा वन कर्मी हेमंत करायत (जिन्होंने क्षेत्र में हजारों जहरीले सांपों का रेस्क्यू किया)।

## टूटी सिंचाई गूल से खेती पर संकट

**नैनीताल:** जिले के बेतालघाट ब्लॉक के ओड़ा बांसकोट गांव में करीब दो दशक पहले क्षतिग्रस्त व बंद हुई सिंचाई गूल आज भी मरम्मत का इंतजार कर रही है। हालत यह है कि सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से गांव की करीब 80 प्रतिशत खेती प्रभावित हो चुकी है और किसान परेशान हैं।

ग्राम प्रधान मीनाक्षी आर्य ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व रिखोली मोटर मार्ग निर्माण के दौरान गांव की सिंचाई गूल दब और क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद विभाग व पूर्व प्रधान द्वारा पाइप लाइन के जरिए अस्थायी व्यवस्था की गई, लेकिन वह लंबे समय तक टिक नहीं सकी। वर्तमान में गांव में सिंचाई के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। गांव के करीब 120 परिवार सीधे तौर पर खेती पर निर्भर हैं, लेकिन पानी की कमी के चलते उनकी आजीविका संकट में है। ग्रामीणों का कहना है कि बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर दूर होने के बावजूद उनकी समस्या पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। महेश चंद्र, किशोर कुमार, बाबू लाल, जगदीश चंद, भरत राज और डॉ भुवन आर्य समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभागों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए रोष जताया। वहीं एसडीएम मोनिका आर्या का कहना है कि मामले में संबंधित विभाग से जानकारी ली जाएगी। अगर विभाग की ओर से समस्या है तो समाधान कराया जाएगा।




विद्यार्थियों को संबोधित करते एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी। ● अमृत विचार

## हर व्यक्ति के दिल में राष्ट्र सेवा की भावना जरूरी: ले. जोशी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राष्ट्र सेवा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और देशप्रेम का संकल्प हर दिल में होना चाहिए। जिस मिट्टी में हम पले-बढ़े हैं, उसके प्रति सम्मान न हो तो जीवन व्यर्थ है। यह बात मुख्य अतिथि एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, पीरूमदारा में एनसीसी नामांकन प्रक्रिया के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की जानकारी दी और एनसीसी 'ए', 'बी' एवं 'सी' प्रमाणपत्र परीक्षाओं के महत्व को समझाया। साथ ही चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में 79 यूके बटालियन एनसीसी की सब यूनिट द्वारा सत्र 2026-27 के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई।

कमान अधिकारी कर्नल अविजित मेहता के निर्देशानुसार जूनियर डिवीजन में शारीरिक व मानसिक दक्षता और साक्षात्कार के आधार पर नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सीटीओ गोविन्द सिंह ने बताया कि एनसीसी के लिए 12 छात्र और 10 छात्राओं सहित कुल 22 कैडेट्स का चयन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर तेरेसा ने विद्यार्थियों से एकता और अनुशासन का पालन करते हुए राष्ट्र सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रजवंत कौर ने किया।

# सामाजिक कार्यकर्ता बिष्ट ने निजी संसाधनों से लगाई 12 सोलर लाइटें

संवाददाता, भीमताल



नितेश बिष्ट।

**अमृत विचार:** पांडे गांव और उससे लगे तोकों में आए दिन जंगली जानवरों के दिखाई देने से खौफ बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ और बाघ दोनों ही इस क्षेत्र में मौजूद हैं। अधिकांश मार्ग पैदल हैं और रास्तों के दोनों ओर घनी झाड़ियां होने के कारण लोगों का आवागमन में भारी परेशानी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चों को भी इन घनी झाड़ियों के कारण परिजनों को अपनी सुरक्षा में विद्यालय छोड़ने जाना पड़ता है। वहीं, अधिकांश लोग रोजाना नगरीय क्षेत्र में काम करने के लिए आते-जाते हैं और शाम के समय अंधेरा होने पर लौटते वक्त हमेशा जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने कुछ दिन पूर्व सांसद अजय भट्ट से भी सोलर लाइट लगवाने की मांग की थी। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार वन्य जीवों के दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था। इसे देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने पांडे गांव भाकर में अपने निजी संसाधनों से 12 सोलर लाइट लगवा दी हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नितेश बिष्ट ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार वन्य जीवों के दिखाई देने की सूचना मिल रही थी। वर्तमान में तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके द्वारा यह 12 सोलर लाइट लगाई गई हैं।



पांडे गांव में सोलर लाइट।

# पशु सखियों को नहीं दिए फोन तो सीडीओ से की शिकायत

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कोटाबाग ब्लॉक में रिप कर्मचारियों पर कार्यों में लापरवाही और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितताओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग पांडे ने मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे से शिकायत की।

अपनी शिकायत में सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग पांडे ने बताया कि पशु सखियों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले मोबाइल वितरित नहीं किए गए तथा समूह की महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकारी वाहनों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया। सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ डॉ. श्वेता सैनी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद चार पशु सखियों जानकी खनायत, माया गोस्वामी, मीना बिष्ट और पार्वती गोस्वामी को उनके घर जाकर मोबाइल उपलब्ध कराए गए।

- एपीडी चंद्रा फर्त्याल को सौंपी मामले की जांच

मामले में खंड विकास अधिकारी डॉ. श्वेता सैनी ने बताया कि मोबाइल लेने कुछ पशु सखियां नहीं आई थीं, इसलिए उन्हें घर पर ही फोन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही सरकारी वाहनों को फील्ड कार्य के बाद ब्लॉक मुख्यालय में जमा कराने का निर्णय लिया गया है। मामले की जांच के लिए एपीडी चंद्रा फर्त्याल को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# नलनी-घटगढ़ में शराब की दुकानों के खिलाफ महिलाओं में उबाल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल के नलनी-घटगढ़ क्षेत्र में शराब की दुकानों के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। गांव की शांति, परिवारों की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंतित महिलाओं ने लगातार तीसरे दिन भी सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया।

रविवार को मंगोली-बजून क्षेत्र के साथ-साथ नलनी में भी महिलाओं का आक्रोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। हाथों में तख्तियां और आंखों में रोष लिए महिलाएं सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी करती रहीं। उनका कहना है कि गांव की मिट्टी को शराब के जहर से दूषित नहीं होने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए उन्हें कितना ही बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़े। आंदोलन में शामिल पूजा बिष्ट ने भावुक होते हुए कहा कि नलनी एक छोटा सा गांव है, जहां मात्र 22 परिवार रहते हैं और सभी मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करते हैं। ऐसे शांत गांव में शराब की दुकान खोलना न केवल अन्याय है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने की साजिश जैसा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया, तो महिलाएं आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगी। महिलाओं ने प्रशासन की उदासीनता पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि तीन दिनों से लगातार प्रदर्शन के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीण खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रेमा ने बताया कि आबकारी विभाग के पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि न्याय पंचायत घटगढ़ में शराब की कोई दुकान नहीं खोली जाएगी, जबकि नलनी गांव उसी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसके बावजूद यहां रातों-रात दुकानें तैयार किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष है। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि गांव में शराब की दुकान किसी भी कीमत पर नहीं खुलने दी जाएगी। यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। कांता बिष्ट, प्रभा बुधलाकोटी, कमला देवी, सुनीता बिष्ट, वैशाली, हेमा देवी, लीला देवी, उमा देवी, ग्राम प्रधान खमारी हेम बहुखंडी, ग्राम प्रधान जलाल गांव खुशहाल सिंह बिष्ट, योगेश सिंह बिष्ट, मुकेश मेहरा रहे।




सोनिया रावत को पुरस्कृत करते भारतीय खिलाड़ी विजेंद्र चौधरी।

## सल्ट की सोनिया ने जीती 6 लाख की स्कॉलरशिप

**रामनगर :** कुमाऊं प्रतिभा स्कॉलरशिप परीक्षा 2026 में सल्ट (अल्मोड़ा) की सोनिया रावत ने प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोनिया को 6 लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। मूल रूप से सल्ट की निवासी सोनिया के पिता वीरेंद्र रावत एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सोनिया ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर भारतीय खिलाड़ी विजेंद्र चौधरी ने सोनिया को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। टॉप-20 में स्थान बनाने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की गई। चयनित प्रतिभागियों को अगले माह राष्ट्रपति भवन भ्रमण का अवसर भी मिलेगा। यह परीक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कौशल एकेडमी इंटरनेशनल द्वारा आयोजित की गई। संस्थान के प्रमुख सलाहकार डॉ. गिरीश घुघत्याल ने बताया कि अकादमी अब तक हजारों विद्यार्थियों को देश-विदेश में रोजगार दिलाने में सफल रही है।

## सड़क पर पालिका के वाहनों से फैल रही गंदगी

**नैनीताल:** कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे पालिका के वाहनों से लगातार सड़क पर कचरा फैल रहा है। सड़कों पर फैले कूड़े व दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी पालिका की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही। नैनीताल से पालिका के वाहन कूड़ा लेकर रोजाना हल्द्वानी जाते हैं। वाहनों में ठीक तरीके से कूड़ा पैक नहीं होने से रास्ते पर कई स्थानों पर वाहनों से कूड़ा गिर जाता है। इससे क्षेत्र में गंदगी के साथ दुर्गंध फैलती है। क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला जोशी ने बताया कि पालिका के कूड़ा वाहनों से लगातार कूड़ा गिरने से क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे वाहनों को सही से पैक कर भेजने की व्यवस्था बनाने के लिए पालिका को निर्देशित किया जाएगा।




लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

## लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में एलपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस के द्वितीय संस्करण का समापन

**नैनीताल :** लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में एलपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एलपीएस एमयूएन 2.0) का द्वितीय संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में 220 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें ऑल सेंट्स, बिरला, सेंट जोसेफ, ग्राफिक एरा समेत विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में नौ समितियों का गठन किया गया, जहां प्रतिभागियों ने अंतरराष्ट्रीय संकटों और समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। विद्यार्थियों ने शोध क्षमता, तार्किक सोच और वक्तृत्व कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यालय बैंड का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## छुट्टी के बाद ओपीडी में पहुंचे 549 मरीज

**नैनीताल:** गर्मी और रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

रविवार की छुट्टी के चलते सोमवार को मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूर-दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को भी इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। भीड़ बढ़ने से पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण केंद्र और जांच इकाइयों पर भी अतिरिक्त दबाव रहा। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव के कारण भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि सोमवार को अस्पताल में कुल 549 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और स्टाफ ने अतिरिक्त सतर्कता के साथ कार्य किया।



हाथी डंगर में सड़क पार करते बाघिन और शावक। ● अमृत विचार

## बाघिन और शावक को देख रोमांचित हुए पर्यटक

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे रामनगर तराई पश्चिमी के हाथी डंगर जोन में इन दिनों एक बाघिन अपने नन्हे शावकों के साथ लगातार दिखाई दे रही है, जिससे पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाघिन अपने दो से तीन महीने के शावकों के साथ इस जोन में सक्रिय है। खास बात यह है कि ये शावक कई बार सफारी मार्ग के आसपास ही दिखाई दे रहे हैं, जिससे पर्यटकों को इन्हें बेहद करीब से देखने का मौका मिल रहा है। सफारी पर पहुंचे पर्यटक इन दुर्लभ पलों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे हैं। बाघिन और उसके शावकों की मौजूदगी जंगल सफारी को और भी रोमांचक बना रही है। नेचर गाइड मनमोहन बिष्ट ने बताया कि छोटे शावकों के साथ बाघिन का इस तरह खुले में दिखाई देना खतरे का सबब भी है, क्योंकि इस दौरान वह अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहती है। लगातार बाघिन व शावकों के दिखने से हाथी डंगर जोन की लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ रही है और बड़ी संख्या में पर्यटक इस जोन की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# कार का ब्रेक फेल, चालक की सूझबूझ से बची जान

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कार का ब्रेक फेल हो जाने के बाद चालक ने चतुरायी न दिखायी होती तो कार न केवल सड़क से नीचे खड्ड में गिर जाती बल्कि अन्य पर्यटकों के वाहनों को भी चपेट में ले लेती। इस स्थिति में एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

नैनीताल से घूम के लौट रहे यूपी के पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गयी। हादसे में पति-पत्नि सहित पांच घायल घायल हो गये। गंभीर दो घायलों को एसटीएच (हल्द्वानी) रेफर किया गया है।

सोमवार को देर शाम सात बजे कालाढूंगी-नैनीताल मोटर मार्ग में नगर से ढाई किलोमीटर दूर रिया मिट्टी के पास यूपी के पर्यटकों की आर्टिगा कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे में कार के एयर बैग खुलने से पर्यटकों जान बच गई। राहगीरों ने घायलों को कार निकाल 108 से सीएचसी पहुंचाया। हादसे में राजेश चक्रवर्ती पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र 53, चन्द्रमा देवी पत्नी राजेश चक्रवर्ती रेलवे हरसला कालौनी मुरादाबाद, चन्द्रावती पत्नी स्व बलवीर सिंह उम्र 78, चन्द्राकिरण पत्नी स्व. राजपाल उम्र 67, चन्द्रप्रभा पत्नी जसराज सिंह उम्र 65 घायल हो गये।

चन्द्रावती व चन्द्रादेवी को अधिक चोट होने पर हल्द्वानी रेफर किया गया है। पर्यटक शुवम सिंह ने बताया कि सभी आपस में रिश्तेदार हैं। कैंची धाम व नैनीताल घूमकर वापस लौट रहे थे। हादसा हो गया शुक्र है सभी सुरक्षित बच गये। चालक राकेश शर्मा ने बताया कि रास्ते में थोडी देर के लिए कार को रोका था। उसके बाद चार मोड़ पार कर चार-पांच बार ब्रेक लगाये। ब्रेक नहीं लगने पर वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया। एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि हादसे में पांच पर्यटक घायल हो गये हैं।



अस्पताल में घायलों का इलाज करते डॉक्टर व मौजूद पर्यटकों के परिजन।

## आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रैली निकाली

**रामनगर:** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर पूछड़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्योतिबा सावित्रीबाई फुले सायंकालीन स्कूल के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली, जो एकता चौक पर जनसभा में बदल गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। वक्ताओं ने अंबेडकर के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। वहीं आमडंडा खत्ता में क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 40 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। परिणाम अंबेडकर जयंती पर घोषित होंगे।



रामनगर में विजेताओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य एवं शिक्षक।

## पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय "समान नागरिक संहिता भारत की राष्ट्रीय एकता व लैंगिक समानता के लिए अनिवार्य है" रहा, जिसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें शुभप्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मंतशा कुरेशी द्वितीय और प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन" था, जिसमें बरखा ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रो. मोहन चंद्र पांडे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा शिक्षकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## नारी शक्ति अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल:** डीएसबी परिसर स्थित महिला अध्ययन केंद्र में सोमवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज सिंह नेगी ने अधिनियम के प्रावधानों और इसके सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरन तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. चंद्रकला रावत, डॉ. मनोज बिष्ट, डॉ. रंजन, अविनाश जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### संतोष नेगी को बनाया प्रदेश अध्यक्ष



**हल्द्वानी :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल ने राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी अतुल गुप्ता की संस्तुति पर संतोष नेगी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने में प्रदेश प्रभारी अतुल गुप्ता, प्रदेश महासचिव गोपाल भट्ट, विधिक सलाहकार गिरीश चंद्र पंत, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, राघवेंद्र चौहान, पंकज जोशी, तेजपाल भंडारी, अजय डंगवाल, कन्हैया लाल जायसवाल, रवि नेगी, चित्रेश जायसवाल, अमित जोशी, हिमांशु जोशी, भूपेंद्र सिंह राव, हरीश सिंह गैडा, आनंद सिंह बिष्ट रहे।

### हल्द्वानी में आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** रफी यूथ फैंस क्लब की ओर से प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने उनके संगीत जगत में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया ।क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद नबी ने कहा कि आशा भोसले की मधुर आवाज और बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। उनके गीतों ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है और वे हमेशा श्रोताओं के दिलों में जीवित रहेंगी। कार्यक्रम में उनके लोकप्रिय गीतों को याद किया गया तथा उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### देवी भागवत कथा में भक्त हुए भावविभोर

**हल्द्वानी :** बिठौरिया शिवकाली धाम मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के छठे दिन सोमवार को व्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने देवी के विभिन्न रूपों व शुंभ–निशुंभ वध का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने से अहंकार का नाश होता है। कथा के दौरान भजनों की संगीतमय प्रस्तुति पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। इस बीच हनुमान वेश में पहुंचे राहुल अधिकारी की उपस्थिति में हनुमान वंदना हुई, वहीं एक महिला में देवी स्वरूप प्रकट होने पर पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व आचार्य हरिओम जोशी, दीप चंद्र जोशी व धीरज पांडे ने विधि–विधान से पूजन कराया। कार्यक्रम में मंदिर समिति व क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गैस संकट: फड़-ठेली वालों को दिया जाए बेरोजगारी भत्ता

## युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, कहा-कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से बंद हुए फड़-ठेले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** युवा कांग्रेस ने रसोई गैस किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी से बंद हुए फड़-ठेली वालों को आपूर्ति सुचारू होने तक बेरोजगारी भत्ता देने व शादी समारोहों में दिए जाने वाले सिलेंडरों की संख्या दो से बढ़ाने की मांग की। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने जनता को कभी नोटबंदी, कभी श्मसान तो कभी गैस की लाइन में खड़ा कर दिया है।

सोमवार को युवा कांग्रेस के हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शहर में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। वर्तमान समय में रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों के चलते छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों (वेंडर्स) पर आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जब तक एलपीजी संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित छोटे व्यापारियों एवं वेंडर्स को सरकार को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें। इसके अतिरिक्त विवाह समारोहों में वर्तमान में आवंटित दो गैस सिलेंडरों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

साथ ही रसोई गैस की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से सुचारू एवं नियमित किया जाए तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसके बाद उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महासचिव मोहम्मद अनस, प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष जूही चुफाल, ब्लॉक अध्यक्ष नदीम सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश जोशी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन टम्टा, आसिफ अली आदि रहे।



हल्द्वानी में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### डीएसी नंबर तो आया लेकिन सिलेंडर नहीं आया

**हल्द्वानी :** इंडेन गैस सिलेंडर की आपूर्ति में दिक्कत बरकरार है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले तो इंडेन में तय समय बीतने के बाद भी गैस मुश्किल से बुक हो रही है और अगर हो रही है तो डीएसी नंबर देर से आ रहा है। साथ ही नंबर आने के बाद भी सिलेंडर लेने में पसीने छूट रहे हैं। दमुवाढूंगा निवासी मान सिंह ने बताया कि उनका डीएसी नंबर आए हुए तीन दिन हो गए हैं लेकिन गैस सिलेंडर अभी तक नहीं मिला है। बताया कि एजेंसी पर जाकर सिलेंडर नहीं मिल रहा है और उनके क्षेत्र में गाड़ी नहीं आई है। बताया कि गाड़ी आ भी रही है तो पहले ही खाली हो जा रही। देवलचौड़ निवासी हरीश ने बताया कि इंडेन का सिलेंडर बुक कराया था लेकिन डीएसी नंबर आने के बाद सिलेंडर नहीं आ पाया है तो वहीं एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि सिलेंडर बुक होने में भी दिक्कत आ रही है।

# नैनीताल में गैस सिलेंडर लेने के लिए उमड़ी भीड़

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में सोमवार को विभिन्न स्थानों पर गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रिफिल बुकिंग के आधार पर सिलिंडर दिए गए, जिससे कई जगहों पर लंबी कतारें लगी रहीं।

सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया, जहां उपभोक्ताओं को रिफिल बुकिंग की प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को बीडी पांडे क्षेत्र में 60, धर्मशाला में 50, स्टोनली में 56, स्टाफ हाउस (हनुमान मंदिर) क्षेत्र में 56 और जज की कोठी क्षेत्र में 40 सिलेंडरों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि एजेंसी की ओर से सभी उपभोक्ताओं के लिए डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) अनिवार्य रखा गया है। बिना डीएसी के किसी को भी सिलेंडर नहीं दिया गया। एजेंसी ने लोगों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज और डीएसी के साथ ही सिलेंडर प्राप्त करें, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### गैस होम डिलीवरी अभियान को समर्थन

**हल्द्वानी :** देवकी बिहार कॉलोनी में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। विभिन्न वार्डों के पार्षदों के साथ–साथ वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति और गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने भी लोगों से गैस के लिए लाइन में न लगने की अपील की है। देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि जब उपभोक्ता होम डिलीवरी का शुल्क दे रहे हैं तो उन्हें लाइन में लगने की जरूरत नहीं है। वार्ड 46 के पार्षद नवीन जोशी ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए होम डिलीवरी व्यवस्था को पूरी तरह लागू कराने का भरोसा दिलाया।

### स्वच्छता अभियान के तहत 500 किलो कूड़े का किया निस्तारण

**हल्द्वानी :** शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर चलाए गए साप्ताहिक विशेष स्वच्छता अभियान का समापन सोमवार को हुआ। इसके तहत नगर निगम ने रानीबाग चित्रशिला घाट क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया।

अभियान की शुरुआत नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने स्वयं झाड़ू लगाकर की। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। अभियान के दौरान घाट क्षेत्र व आसपास के स्थानों पर सफाई कर कूड़े को एकत्रित कर निर्धारित स्थान तक पहुंचाया गया। साथ ही प्लास्टिक, गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग किया गया। इस दौरान करीब 500 किलो कचरा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। जागरूकता कार्यक्रम चलाकर स्थानीय लोगों को कचरा डस्टबिन में डालने, गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में वार्ड संख्या एक की पार्षद बबली वर्मा, आईईसी प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी, एसबीएम टीम से रोहित, सैनिटरी इंस्पेक्टर मुकुल कुमार समेत 40 कर्मचारी रहे।

### वार्डों में सफाई कर्मी व कूड़ा वाहन बढ़ाए जाएं

**हल्द्वानी :** शहर में विकास कार्यों को गति देने की मांग को लेकर पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मेयर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया।

इस दौरान पार्षदों ने वार्ड में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर देते हुए कूड़ा कलेक्शन के लिए एक अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही वार्डों में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की भी मांग रखी। पार्षदों ने वार्ड में स्ट्रीट लाइट, पुलिया और नाली बनाने के कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के साथ ही जहां जरूरत हो वहां नए बिजली के पोल लगाए जाने की भी मांग की। मेयर ने कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्षद मुकुल बल्यूटिया, मनोज जोशी, प्रमोद पंत, रईस अहमद गुड्डू, नवीन पांडे और विजय बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिठौरिया में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने सुनी समस्याएं



बिठौरिया में बैठक करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने सोमवार को बिठौरिया में जन समस्याओं पर सुनवाई की और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। भगत ने जनता के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

साथ ही क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में बन रहे नलकूप और पुल के कार्यों के लिए विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया। इस दौरान पार्षद नवीन जोशी, दीपक सनवाल, बसंती अधिकारी, कमला तिवारी, रामा रौतेला, पिंकी नेगी, प्रहलाद सिंह पटवाल, दिनेश जोशी, दीवान सिंह रौतेला, गोपाल बिष्ट, केदार रावत रहे।

### नशे से दूर रहने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**हल्द्वानी :** पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धरती मां ट्रस्ट पर्यावरण स्वच्छ - देश स्वस्थ्य थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट एवं हस्तकला प्रतियोगिता 2026 का आयोजन कर रहा है।

यह आयोजन 11 अप्रैल से शुरू हुआ जो 3 मई तक हिमगिरि स्टेडियम, ग्राम सभा शशबनी (लेटिबुंगा), नैनीताल में चलेगा। ट्रस्ट की ओर से "आइये भारत मां को स्वच्छ व सुंदर बनाएं" का संदेश देते हुए लोगों से सहयोग की अपील की गई है। कार्यक्रम को नव सृजन टूरिज्म का समर्थन प्राप्त है। आयोजन में क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ-साथ हस्तकला, पेंटिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को भी शामिल किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष भावन सिंह बिष्ट ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक को सराहा



मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करतीं दर्जा मंत्री भावना मेहरा।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक 2023) को महिला के सशक्त भविष्य का सूर्योदय बताया है। सोमवार को मुखानी स्थित भाजपा संभाग कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में राज्य आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संसद व विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 13.63 प्रतिशत है। इस कानून के लागू होने के बाद यह बढ़कर 33 प्रतिशत तक हो जाएगा। मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने यह अधिनियम पारित कर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने का काम किया है। कहा कि 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले संसद के विशेष सत्र में वर्ष 2029 के चुनाव के साथ ही राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भागीदारी भी तय होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, राशि जैन, आभा गोस्वामी, कल्पना वोरा, भूमिका गोयल, दीप्ति चुफाल, अल्का जीना आदि रहीं।



ऐपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

### ऐपण बनाने में मानवी, आंचल, ललिता रहे अव्वल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** छवि मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से छोटी मुखानी में लगातार तीसरे वर्ष ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न वर्गों में बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सब जूनियर वर्ग में मानवी तिवारी को प्रथम, दिव्यांशी भंडारी को द्वितीय और पूर्वी तिवारी को तीसरा स्थान मिला। जूनियर वर्ग में आंचल जोशी प्रथम, रितिका और तनुजा को संयुक्त तौर पर द्वितीय और कल्पना जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनीयर वर्ग में गेरू से ऐपण बनाया गया। ललिता पाठक प्रथम, रेखा पंत द्वितीय और कल्पना जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग पेंट में सुमन तिवारी प्रथम और उमा भट्ट द्वितीय रहे। ट्रस्ट संस्थापक ने साहित्यकार शिक्षक दिनेश कर्नाटक, समाजसेवी प्रेम बेलवाल और शिक्षाविद प्रवींद्र रौतेला को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि आईडी पांडे, चित्रा पांडे, ट्रस्ट संस्थापक बीसी जोशी, पीयूष पंत, यजुवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, खिलानंद, संजय, पूरन सिंह रावत, मोहन चंद्र वर्मा रहे।

# जिपं अध्यक्ष दरम्वाल ने पहले अध्यक्ष पं. जगन्नाथ पांडे को दी श्रद्धांजलि

- उपनल के जिला परियोजना अधिकारी कर्नल (सेनि) आलोक पांडे ने पौत्र के रूप में किया याद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष रहे पं. जगन्नाथ पांडे की जयंती सोमवार को मनाई गई। उनके पौत्र उपनल के मुख्य परियोजना अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) आलोक पांडे के निवास पर हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पं. जगन्नाथ पांडे ने जुलाई 1947 से जुलाई 1948 तक नैनीताल जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इसके अलावा नैनीताल बैंक के विकास और बोट हाउस क्लब के संस्थापक सदस्य के रूप में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 13 अप्रैल 1898 को ढोली गांव में जन्मे पंडित जगन्नाथ पांडे कुमाऊं के प्रसिद्ध लकड़ी ठेकेदारों में शामिल थे। उन्होंने शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। 12 वर्षों तक जिला शिक्षा बोर्ड की अध्यक्षता की और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार में अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 'राय साहब' की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।



प्रथम जिपं अध्यक्ष की जयंती पर मौजूद दीपा दरम्वाल व कर्नल (सेनि) आलोक पांडे।

### पेंशनर्स ने ने उठाईं विभिन्न समस्याएं

**हल्द्वानी :** राजकीय पेंशनर्स परिषद की बैठक बद्रीपुरा स्थित लोनिवि के संघ भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता वीर सिंह बिष्ट व संचालन एलएम लोहनी ने किया। इस दौरान पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। केंद्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ते की घोषणा नहीं किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। साथ ही गोल्डन कार्ड का लाभ नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई।

बैठक में बताया गया कि राजकीय पेंशनर परिषद का स्थापना दिवस 21 अप्रैल को देहरादून में मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से पेंशनर प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि रहेंगे। बैठक में इन्द्र लाल आर्य, यतीश पंत, दिनेश बिष्ट, एसएस राणा, पान सिंह मेहरा, डिगरदेव जोशी, बीडी शर्मा, पीडी जोशी आदि मौजूद रहे।

# प्रभात फेरी में गूंजे गुरु की महिमा के जयकारे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रामलीला ग्राउंड की ओर से खालसा सृजना दिवस बैसाखी का पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पर्व की पूर्व संध्या पर सोमवार को नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।

प्रभात फेरी रामलीला ग्राउंड गुरुद्वारे से शुरू होकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा में संपन्न हुई, जहां मुख्य सेवादार रमन साहनी व संगत ने प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया। गुरुद्वारे में अमृत संचार का भी आयोजन किया गया, जिसमें 34 श्रद्धालुओं ने अमृत पान कर गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रात विशेष दीवान सजाए गए, जिसमें संगत ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। महासचिव कंवलजीत सिंह उप्पल ने बताया कि मुख्य आयोजन मंगलवार सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक होगा। इसमें रागी भाई तरसेम सिंह (हरायपुर) और कथावाचक भाई गुरसेवक सिंह नानकमत्ता साहिब वाले गुरबाणी कीर्तन व कथा से संगत को निहाल करेंगे। हेड ग्रंथि जगमीत सिंह की ओर से अरदास के बाद विशाल लंगर का आयोजन होगा। इस मौके पर मुख्य सेवादार अमरजीत सिंह आनंद गुरप्रीत साहनी, अवनीत सिंह रेखी, प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, कमलदीप ओबेरॉय, जसपाल सिंह चंडोक, बंटी सेठी, सनी आनंद, मनलीन कोहली, गगन कोहली, अमरजीत सिंह सेठी, मंजीत सेठी, जसबीर सिंह गोल्डी रहे।

योजना | असंगठित क्षेत्र के कामगारों और सामान्य नागरिकों के लिए सुरक्षित पेंशन विकल्प बन रही यह योजना

# अटल पेंशन योजना से बुढ़ापे में मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

- लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रही है यह योजना
- 18 से 40 वर्ष आयु का नागरिक हो सकता है योजना में शामिल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डाकघर की अटल पेंशन योजना आम लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह योजना असंगठित क्षेत्र के कामगारों और सामान्य नागरिकों के लिए एक सुरक्षित पेंशन विकल्प के रूप में देखी जा रही है।

अटल पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1 हजार रुपये से लेकर 5 हजार रुपये प्रतिमाह तक पेंशन मिलने की गारंटी दी जाती है, जो निवेश की गई राशि पर निर्भर करती है। इस योजना में 18 से 40 वर्ष की आयु का कोई भी भारतीय नागरिक शामिल हो सकता है। इस योजना में कम से कम 20 वर्षों तक नियमित योगदान करना होता है।

निवेशक को सेविंग बैंक अकाउंट, आधार कार्ड (वैकल्पिक) और एक्टिव मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है। योजना में पेंशन राशि के अनुसार मासिक योगदान तय होता है, जो 42 रुपये से लेकर 1,454 रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। 18 वर्ष की आयु में योजना शुरू करने पर 1 हजार से 5 हजार रुपये की पेंशन के लिए 42 से 210 रुपये प्रतिमाह निवेश करना होता है, जबकि 40 वर्ष की आयु में यह राशि बढ़कर 291 से 1,454 रुपये प्रतिमाह तक हो जाती है।




हल्द्वानी पोस्ट ऑफिस। ● फाइल फोटो

### क्या कहते हैं पोस्ट मास्टर चंदन बिष्ट



**हल्द्वानी :** अटल पेंशन योजना आम नागरिकों के लिए बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस योजना में 18 से 40 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति शामिल होकर भविष्य के लिए सुरक्षित पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1 हजार रुपये से 5 हजार रुपये प्रतिमाह तक पेंशन मिलने का प्रावधान है, जो निवेश की गई राशि पर निर्भर करता है। यह योजना विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए काफी लाभकारी है। पोस्टमास्टर चंदन बिष्ट ने लोगों से अपील की कि वे छोटी–छोटी बचत कर इस योजना से जुड़ें और भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाएं।

# यूओयू में 'वी द पीपल' वेबिनार का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर वी द पीपल : अंबेडकर्स आइडिया ऑफ राइट्स एंड सोशल जस्टिस विषय पर यूओयू के राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय गणाई गंगोली पिथौरागढ़ और राम सिंह धौनी महाविद्यालय, जैंती के संयुक्त तत्वावधान में वेबिनार हुआ।

वेबिनार में संविधान में आने वाले मूल्यों समानता, न्याय व गरिमा को लेकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को समझने के साथ ही समकालीन समाज में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा की गई। वेबिनार के मुख्य वक्ता, हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ. योगेश मीना ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय संबंधी दृष्टिकोण को समझाते हुए कहा कि सामाजिक न्याय केवल संवैधानिक प्रावधानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की संरचना, सोच और व्यवहार में परिवर्तन से भी जुड़ा हुआ है। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने सामाजिक न्याय, अधिकारों की व्याख्या, समानता के सिद्धांत और वर्तमान संदर्भ में उनकी उपयोगिता से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। जिनका जवाब मुख्य वक्ता ने दिया। इस मौके पर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. विश्वनाथ खाली आदि जुड़े।

### अल्मोड़ा वॉरियर की शानदार जीत

**हल्द्वानी:** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अल्मोड़ा वॉरियर ने इलेवन स्टार क्लब को 38 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

टीम की जीत में प्रदीप कार्की के ऑलराउंड प्रदर्शन और दीपक सिंह देवरी की शानदार गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए अल्मोड़ा वॉरियर ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बनाए। प्रदीप कार्की ने 45 रन, प्रकाश जोशी ने 34 रन और ललित ने 23 रनों का योगदान दिया। इलेवन स्टार क्लब की ओर से गौरव और दीपेश ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में इलेवन स्टार क्लब की टीम 18.2 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। दीपक सिंह देवरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

# महापौर ने डिजिटल माध्यम से की स्वगणना

## बोले महापौर-पहले चरण में की जा रही हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना

संवाददाता, रुद्रपुर



डिजिटल माध्यम से स्वगणना करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महापौर विकास शर्मा ने जनगणना 2027 के तहत डिजिटल माध्यम से अपनी स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। साथ ही लोगों से इस अभियान में डिजिटल माध्यम से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की जा रही है जो पारदर्शिता, सटीकता और व्यापक जनभागीदारी को तय करेगी। उन्होंने इस पहल को डिजिटल युग में भारत का एक और मजबूत कदम बताया।

सोमवार को स्वगणना के दौरान महापौर ने कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना की जा रही है। इसके तहत आवासीय स्थिति, नागरिक सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार सरकार ने स्वगणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया सरल और त्रुटिरहित होगी, बल्कि सरकारी मशीनरी और आम जनता के समय की भी बचत होगी।

उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त डेटा राज्य और देश की भविष्य की नीतियों के निर्माण में आधारशिला का कार्य करेगा। जनगणना के दौरान एकत्रित सभी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की सहूलियत के लिए यह डिजिटल प्रक्रिया भविष्य की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

### एडीएम ने की स्वगणना

**रुद्रपुर :** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने जनगणना 2027 के तहत स्वगणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन स्वगणना की। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है, जिसमें ऑनलाइन स्वगणना की जा सकती है। स्वगणना 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गयी जो 24 अप्रैल तक की जा सकती है। उन्होंने सभी जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित पोर्टल https://se.census.gov.in पर स्वगणना कर सकते हैं। आप स्वगणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, बल्कि जनगणना 2027 में भी भागीदार बने। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**रुद्रपुर :** भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने के उद्देश्य से भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी ने आगामी सांगठनिक चुनौतियों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अरोरा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि संगठन की मजबूती ही हमारी असली शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सेतु के रूप में कार्य करना होगा, ताकि अंत्योदय का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज राजनीति के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन को नई ऊंचाइयां दे रही है। जिला महामंत्री एवं महिला मोर्चा प्रभारी तरुण दत्ता ने संगठनात्मक बारीकियों पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी और दर्जा राज्यमंत्री सीमा चौहान ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहने की सीख दी।




### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**रुद्रपुरः** छतरपुर रेलवे पटरी से गुजरने वाली संपर्क क्रांति ट्रेन की चपेट में आकर 50 वर्षीय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार की सुबह 10 बजे जीआरपी और आदर्श कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली है कि एक अधेड़ छतरपुर रेलवे पटरी के किनारे खून से लथपथ पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना किया और पूछताछ में पता चला कि सुबह के वक्त अधेड़ रेलवे पटरी पार कर रहा था। इस बीच अचानक काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। टक्कर लगते ही अधेड़ झाड़ियों में जा गिरा।

सूचना मिलते ही समाजसेवी सुशील गाबा भी घटनास्थल पहुंचे और साथियों की मदद से घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तलाशी लेने पर अधेड़ की जेब में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में 200 रुपये का सहयोग देने की पर्ची मिली। जब पुलिस ने लिखे नंबर में फोन किया तो अधेड़ की पहचान सुरेश प्रसाद लिखा हुआ था, लेकिन पर्ची पर पता और मोबाइल नंबर नहीं लिखा था।

### 150 ग्राम स्मैक के साथ गार्ड गिरफ्तार

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने स्मैक की सप्लाई करने वाले एक सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद की है। बताया कि अभियुक्त दिन में कंपनी का सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है और रात होते ही महंगे दामों पर युवाओं को स्मैक मुहैया करता था। 12 अप्रैल की शाम को थाना दरोगा मनोज जलाल पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे कि सिडकुल ढाल के समीप एक युवक बाइक लेकर आया। पुलिस को देखकर युवक बाइक घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गांव कैमुआ भमोरा बरेली यूपी बताया। पुलिस ने तलाशी लेने पर डेढ़ सौ ग्राम स्मैक की खेप बरामद की।

### मां के सामने बेटे को बुरी तरह पीटा

**रुद्रपुरः** खाकी से बेखौफ दबंगों की दबंगई का आलम यह है कि रंपुरा बस्ती में एक मां हमलावरों के सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन हमलावरों ने बेटे पर प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड-24 निवासी रुमा देवी ने बताया कि 10 अप्रैल की शाम साढ़े चार बजे पड़ोसी युवक जितेंद्र उर्फ जीतू, राजू, रंजीत और जितेंद्र धारदार हथियार लेकर जबरन घर में घुसा और बेटे विशाल पर जानलेवा हमला शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पर हमलावरों ने उसको भी घायल कर दिया। घटना के दौरान वह आरोपियों से विनती करती रही। बावजूद आरोपी बेटे को बेरहमी से पीटते रहे। जिससे वह लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर गया और आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया।
























## सिटी ब्रीफ

### पति पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न का आरोप

**सितारगंज:** शहर की एक महिला ने अपने पति पर क्रूरता की सारी हदें पार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 27 अप्रैल 2025 को उसका निकाह कटंगरी निवासी एक युवक से हुआ था, जो शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित कर रहा था। पीड़िता के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को आरोपी ने मारपीट कर उसका बायां हाथ तोड़ दिया और जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फोटो-वीडियो साक्ष्यों की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तीन युवकों की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**सितारगंज:** मलपुरी स्थित पेट्रोल पंप के पास हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत के मामले में गौरीखेड़ा निवासी मोहम्मद यामीन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बीती 9 अप्रैल को सब्जी के ठेले पर सवार होकर पांच युवक यूपी के मुंडेलिया गांव जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद शादाब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुल्तान और नाजिम ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल मोहम्मद कैफ का इलाज बरेली में जारी है।

### नोजगे के मुकेश एनसीसी में सेकेंड आफिसर बने

**खटीमा:** नोजगे पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित करने वाले थर्ड ऑफिसर मुकेश पांडे को उत्कृष्ट सेवा कार्यों के चलते सेकेंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत किया गया है। 78 उत्तराखंड बटालियन, हल्द्वानी में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाषा जोशी और सूबेदार मेजर झावर सिंह ने संयुक्त रूप से उनके कंधों पर सेकेंड ऑफिसर के बैच लगाए। विद्यालय प्रबंधिका सुरेंद्र कौर एवं प्रधानाचार्य एचसी पंत ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### कुष्ठ आश्रम के मार्ग पर पेट्रोल पंप का कब्जा

**खटीमा:** कुष्ठ आश्रम सेवा समिति ने आश्रम के लिए पूर्व निर्धारित 30 फीट चौड़े मार्ग को अवरुद्ध किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। समिति के सचिव रमेश कुमार मैसी ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर मार्ग खाली कराने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार, आश्रम की भूमि अदला-बदली के समय 30 फीट चौड़ा मार्ग तय किया गया था, लेकिन वर्तमान में वहां पेट्रोल पंप निर्माण के चलते रास्ते को बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### हथियारों के जखीरे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा:** 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर घेराबंदी कर एक कार सवार तस्कर को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोच लिया। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह के निर्देश में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने मूल रूप से बहेड़ी (बरेली) और वर्तमान में किच्छा निवासी महेश गंगवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की वैगनआर कार से 315 बोर के 6 तमंचे, 12 बोर की एक राइफल और कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी यह जखीरा उत्तर प्रदेश से तस्करी कर उत्तराखंड ला रहा था। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर से उसके पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस वर्ष एसटीएफ अब तक 21 अवैध हथियार बरामद कर 8 तस्करों को जेल भेज चुकी है।

# श्रमिक संगठनों ने फूंका हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला

## न्यूनतम वेतन बढ़ाने और गिरफ्तार व नजरबंद श्रमिकों की रिहाई की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्रमिक संगठनों ने संयुक्त श्रमिक मोर्चा के बैनर तले नोएडा, मानेसर, गुरुग्राम में आंदोलनरत श्रमिकों के उत्पीड़न पर आक्रोश जताया है। विरोध में श्रमिक संगठनों ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का बाटा चौक पर पुतला फूंका। साथ ही आंदोलनरत श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने, गिरफ्तार व नजरबंद श्रमिक नेताओं व राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की।

सोमवार को गांधी पार्क में सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड लागू होने और गैस-ईंधन संकट के बीच मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा है। महंगाई के इस दौर में जब सरकारों को खुद से मजदूरों का वेतन बढ़ाने का फैसला लेना चाहिए तब श्रम कोड लागू करके मोदी सरकार मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलने की साजिश कर रही है। मोदी सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए उत्तर प्रदेश और हरियाणा की भाजपा सरकारें श्रमिकों की सामान्य से वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को मानने के बजाय उनका दमन-उत्पीड़न ही कर रही है। इतना ही नहीं श्रमिकों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। कई मजदूर नेताओं को गिरफ्तार और नजरबंद कर रही है। अभी तक 90 से अधिक ट्रेड यूनियन नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। यह सब नए लेबर कोड में हड़ताल को अवैध घोषित कर देने और 12 घंटे की ड्यूटी को वैध बना देने के नियमों के तहत हो रहा है। पूंजीपति मालिक खुलकर श्रमिकों का शोषण कर रहे हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए भाजपा सरकार मजदूरों पर दमन ढा रही है। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव कैलाश भट्ट, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र रावत, दिनेश भट्ट, ट्रेड यूनियन ऐक्टू की जिला सचिव अनिता अन्ना, सीएसटीयू के धीरज जोशी, ठेका कल्याण समिति पंतनगर के अध्यक्ष अभिलेख सिंह, इंट्राक मजदूर संगठन के सौरभ, सुखदेव सिंह, दिगम्बर, करण, रूबल, हरपाल, अनिल, राकेश, सौरभ, रामेश्वर, श्रीराम, मनोज आदि मौजूद थे।



गांधी पार्क में प्रदर्शन करते श्रमिक संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

## निर्वाचन नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण की समय सारिणी निर्धारित

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत स्थानीय) नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद सिरौलीकला की निर्वाचन नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विस्तृत पुनरीक्षण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने समय सारिणी निर्धारित कर दी है।

उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल तक प्रारूप नामावली की पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी, 17 से 23 अप्रैल तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की डाटा एंट्री व फोटो स्टेट, 24 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा। 25 अप्रैल से एक मई तक निर्वाचन नामावलियों के आलेख्य के निरीक्षण दावे व आपत्ति दाखिल करने की अवधी होगी। 2 व 3 मई को दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 4 से 6 मई तक पूरक सूचियों की डाटा एंट्री व फोटो स्टेट किया जाएगा। 7 मई को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद सिरौलीकला की निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण किया जाएगा। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के उन सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचन नामावलियों में सम्मिलित किए जाएंगे जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे।

# धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री को स्मृति चिह्न देते ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्री मनकामेश्वर मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया और समाज की एकता व कल्याण की कामना की।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा सनातन धर्म अनादि काल से चला आ रहा है। हमारे ऋषि मुनियों ने जो मार्ग दुनिया को दिखाया पूरी दुनिया उसी पर चल रही है। कोई भी जाति धर्म पंथ सनातन धर्म से सही शिक्षा लेता है जो गणना हमारे वेद और पुराणों में आज से हजारों वर्ष पूर्व की गई है। आज विज्ञान भी वहां तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम शौर्य, शक्ति और साहस की प्रतिमूर्ति थे। भगवान परशुराम शस्त्र विद्या के ज्ञाता थे। उन्होंने भगवान शिव से युद्ध कला सीखी और भीष्म, द्रोणाचार्य जैसे महान योद्धाओं को धनुर्विद्या सिखाई। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को आठ चिरंजीवियों में से एक माना जाता है जो आज भी पृथ्वी पर विद्यमान है। वह तपस्वी, ज्ञानी और परम क्रोधी स्वभाव के थे जिन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ शक्ति का प्रयोग किया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, विकास मिश्रा, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, विराट आर्य, बीडी शर्मा, साधना शर्मा, बीना तिवारी आदि मौजूद रहे।

# तारकेश्वर धाम से निकली शिव बारात

● आस्था: हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** चैत्र माह की पावन आस्था और शिव भक्ति के अद्भुत संगम के बीच, सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम से भव्य शिव बारात धूमधाम के साथ निकाली गई। जैसे ही बारात का शुभारंभ हुआ, पूरा क्षेत्र "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा।

शिव बारात तारकेश्वर धाम से प्रारंभ होकर टैगोर नगर, मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया और श्रद्धा भाव से भगवान भोलेनाथ की आराधना की।



शिव बारात के दौरान सजाई गई झांकी। ● अमृत विचार

इस दौरान शिव बारात में सजी मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी, भूत-प्रेत और गणों के स्वरूप में सजे कलाकारों ने, जीवंत प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भगवा वस्त्र धारण किए सन्यासी विभिन्न स्वरूपों में बारात में शामिल हुए, जिन्होंने अपनी तपस्या और भक्ति की झलक प्रस्तुत की। शिव बारात में नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, अजय जायसवाल, राजा हालदार, पूजा कमेटी अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार, रंजीत हालदार, निर्मल मिस्त्री, दीपक बढाल, सपन हालदार, मोहित मंडल, गोपाल सरकार, चंदन मंडल, परेश मंडल आदि सम्मिलित हुए।

## हाईवे पर स्कॉर्पियो पर तड़तड़ाईं गोलियां

**रुद्रपुर:** विगत देर रात्रि काशीपुर फ्लाईओवर पर उस वक्त कोतवाली और यूपी पुलिस में हड़कंप मच गया जब पुलिस को खबर मिली कि दो बाइक पर सवार तीन युवकों ने स्कॉर्पियो का पीछा कर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी है। मामला यूपी बिलासपुर चौकी का था तो यूपी पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद हमलावरों की तलाश तेज कर दी। कार डीलर मनिहार खेड़ा बिलासपुर यूपी निवासी विजय कुमार अपने दोस्त नजर अली, महेश कुमार और रवि के साथ अपनी कार बाजार प्रतिष्ठान गए थे। रविवार की रात्रि सवा 11 बजे अपने काले रंग की स्कॉर्पियो से फ्लाईओवर काशीपुर हाईवे से गुजर रहे थे। स्कॉर्पियो अभी हाईवे स्थित एक स्कूल के सामने पहुंची ही थी कि युवकों ने पिस्टल निकालकर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

# स्वास्थ्य केंद्र के लिए 11 पदों का सृजन

● विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से मिली सफलता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ग्राम नजीमाबाद में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (टाइप ए) के लिए उत्तराखंड शासन द्वारा 11 पदों के सृजन का आदेश जारी कर दिया गया है। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि स्वास्थ्य सचिव के इस आदेश के बाद अब अस्पताल में स्थाई चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।

लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस अस्पताल में एक चिकित्सा अधिकारी, तीन नर्सिंग अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित तीन आउटसोर्सिंग स्टाफ की तैनाती होगी। विधायक बेहड़ के अनुसार, वर्तमान में अस्पताल किराए के भवन में चल रहा है, लेकिन नया भवन एक वर्ष में तैयार हो जाएगा, जिससे किच्छा और सितारगंज विधानसभा के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इधर, आवास विकास कार्यालय में आयोजित जन संवाद के दौरान विधायक बेहड़ ने विभिन्न वार्डों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण, नाली और पानी के बिलों से संबंधित शिकायतें रखीं, जिसके समाधान के लिए विधायक ने आश्वासन दिया। मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, मेजर सिंह, गुलशन सिंधी, ओम प्रकाश दुआ, दानिश मलिक सोनू, एन यू खान, फजील खान, सरवर खान, धर्मेंद्र सिंधी, कुलदीप सिंह लक्की आदि मौजूद रहे।



किच्छा में जन समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार



खटीमा में बैसाखी पर्व पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

## सिटी कॉन्वेंट और जेके स्कूल में मनाई बैसाखी

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत पंजाबी लोकनृत्य ने बैसाखी पर्व की पारंपरिक झलक प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह से भर दिया। इधर जेके पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारे फूलों और पंजाब की संस्कृति को दर्शाती कलाकृतियों से सजाया गया। रंग बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्र छात्राओं ने ढोल की थाप पर शानदार भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर प्रबंधक अजय मौर्य, मो हनीफ अजय कुशवाहा अजय नंदलाल संदीप भरत नाथ गोस्वामी आफताब राजकुमार निशा अल शिफा मनप्रीत सोनम आरती ज्योति सुमन आदि मौजूद रहे।

# एमएससी क्लब ने जीती वॉलीबॉल ट्रॉफी

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में आयोजित दो दिवसीय स्वर्गीय धीरज वर्मा मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया है।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में एमएससी क्लब ने एमबी क्लब को कड़े संघर्ष में 3-2 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। एमएससी क्लब ने 22-25, 25-23 और 25-13 के सेटों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में उत्कर्ष को बेस्ट स्पाइकर, लकी कोरंगा को बेस्ट लिबेरो, यीशु कोरंगा को बेस्ट स्मैशर और विनीत राणा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल में बीएम क्लब ने महादेव क्लब को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में एमएससी क्लब ने शिव शक्ति क्लब को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के रेफरी कमल सिंह बिष्ट और स्टेट रेफरी चंदन गोस्वामी रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला और कांग्रेसी नेता नारायण सिंह बिष्ट ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, लालमन शर्मा, राजेंद्र पटवाल, मोहन कोरंगा (लक्खा), विक्रम सिंह माहोड़ी, भोपाल सिंह कोरंगा, आरपी शर्मा, डॉ. पीएस बिष्ट मौजूद रहे।



धीरज वर्मा मेमोरियल वॉलीबाल के समापन पर पुरस्कार वितरण करते मुख्य अतिथि।

# चेक बाउंस में ठेकेदार को तीन माह की सजा

● 11.30 लाख रुपये भी देगा दोषी
न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** निविदा दिलाने का झांसा देकर लोखों रुपये हड़पने और चेक बाउंस मामले में दोषी को तीन माह का कारावास के साथ ही 11.30 लाख देने का आदेश सुनाया है।

यहां बता दें कि वर्ष 2017 में ग्रीन एशिया डेवलपर्स कंपनी रुद्रपुर के निदेशक सुनील मेहता ने वाद दायर करते हुए बताया था कि टिहरी गढ़वाल निवासी वीरेंद्र सिंह सजवान से उसकी अच्छी जान पहचान थी। उसने खुद को एक ठेकेदार बताया था। सितंबर 2017 में आरोपी ने विभागीय निविदा की धरोहर राशि के लिए सात लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मांगी थी। परिवादी ने विश्वास करके आरोपी को 7.50 लाख रुपये नकद दे दिए।

काफी समय बाद जब निविदा स्वीकृत नहीं हुई तो आरोपी ने बताया कि उन पैसों को कहीं और खर्च कर दिया है। इस पर परिवादी ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पंजाब नेशनल बैंक का एक चेक परिवादी को दे दिया, लेकिन चेक बाउंस हो गया। जब इस संबंध में उसने आरोपी से बातचीत की तो वह आनाकानी करने लगा। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक सिंह राणा की अदालत में हुई। जहां दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी वीरेंद्र सिंह सजवान को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

**आस्था** | गुरुद्वारा माता साहिब कौर में बैसाखी पर्व पर सजा दो दिवसीय धार्मिक दीवान

# ढाढी जत्थों ने गुरु की गौरवमयी गाथा का किया बखान

संवाददाता,दिनेशपुर

**अमृत विचार:** खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा माता साहिब कौर में दो दिवसीय धार्मिक दीवान सजाया गया। अखंड पाठ की लड़ियों के बीच गुरुवाणी के बखान ने संगत को निहाल किया।

सोमवार को गुरुद्वारा माता साहिब कौर में दो दिवसीय धार्मिक दीवान सजाया गया। नानपुरी टांडा से आए कथावाचक ज्ञानी हरदीप सिंह, पंजाब से आए ढाढी जत्था ज्ञानी बलवीर सिंह व कविश्री जत्था ज्ञानी सर्वजीत सिंह ने गुरुओं और गुरु गोविंद सिंह की जीवन गाथा व शौर्य का गुणगान किया। नानपुरी टांडा से आए जत्थेदार बाबा गुरजंट सिंह ने कहा गुरुओं के त्याग और बलिदान की परंपरा के वाहक खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर बैसाखी पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सच्चा सिख वही है जो सिख धर्म का पालन करते हुए गुरुओं के बताए मार्ग का अनुकरण करता है। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरता गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बलवंत सिंह ने किया। इस मौके पर जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह, नपं अध्यक्ष मनजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, युवा किसान नेता युवा किसान नेता बलविंदर साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, डॉ गुरचरण सिंह, राजेश नारंग, गुरदीप सिंह, हरजीत सिंह विर्क, अशोक कालड़ा, बलकार सिंह संधू, बलविंदर सिंह चीमा, जसवीर सिंह गोराया, विशंभर लाल मिगलानी, अशोक चावला, गुरनवीर सिंह, गगन सिंह रंधावा, सत्येंद्र सिंह मान, रविंद्रपाल सिंह, केके गावा, गुरजीत सिंह उर्फ बब्बू, बलविंदर सिंह चीमा, सर्वजीत सिंह संधू, कुलवंत सिंह गुराया, भगवत सिंह विर्क, करन सिंह रंधावा, सागर सिंह आदि मौजूद सैकड़ो में संगत मौजूद रही।



दिनेशपुर गुरुद्वारा माता साहिब कौर में गुरु की महिमा का बखान करते ढाढी जत्था।

### डॉ. बलवीर सिंह ने लगाया निशुल्क शिविर

**दिनेशपुर :** गुरुद्वारा माता साहिब कौर में डॉ. बलवीर सिंह ने बैसाखी पर्व पर दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर सेवा दी। उन्होंने बताया कि शिविर में 350 मरीज का परीक्षण के बाद निशुल्क दवा वितरण की गई।

### धूमधाम से निकलेगा 20वां खालसा चेतना मार्च

**सितारगंज :** सिख संगत सेवा सोसायटी के तत्वाधान में मंगलवार को बैसाखी पर्व पर 20वां महान खालसा चेतना मार्च निकाला जाएगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा से शुरू होकर श्री नानकमत्ता साहिब तक जाएगा। सोमवार को हुई बैठक में संयोजक सोप्रीत बॉबी भाटिया और प्रधान बलबीर सिंह ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** एसएसबी की 57वीं वाहिनी, सितारगंज मुख्यालय में दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जवानों को नारकोटिक्स, जाली नोट एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

सोमवार को कमांडेंट गंगा सिंह उदावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाहिनी मुख्यालय सहित विभिन्न सीमा चौकियों के जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जवानों को नारकोटिक्स नियंत्रण, वन उत्पादों की सुरक्षा तथा जाली नोटों की पहचान करने सहित विषयों पर जागरूक करना किया। कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने जवानों से कार्यशाला में गंभीरता और एकाग्रता के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया। इस दौरान वन विभाग एवं एसबीआई के अधिकारियों ने गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। एसबीआई के प्रतिनिधि ने जवानों को जाली नोटों की पहचान के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। वहीं, वन विभाग के अधिकारी ने जवानों को वन अधिनियम की जटिलताओं को सरल भाषा में समझाया। इस मौके पर उप कमांडेंट प्रियदर्शिनी निहारिका राय, उप कमांडेंट अनिल कुमार,उप कमांडेंट दीपक तोमर, सहायक कमांडेंट अरविंद कुमार, निरीक्षक अमरेश कुमार, प्रकाश चंद्र जोशी, विजेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।



सितारगंज में एसएसबी जवानों को संबोधित करते कमांडेंट। ● अमृत विचार

**ब्रीफ न्यूज**

### मानसिक तनाव को दूर करने के टिप्स दिये

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से प्रभावी तनाव प्रबंधन नामक विषय पर आमंत्रण व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ संजय राजपूत ने मानसिक तनाव को दूर करने और सुखी जीवन जीने के टिप्स दिए। उन्होंने मानव जीवन की महत्ता बताते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं कर्मियों को प्रभावशाली जीवन जीने के तरीके बताए। रेखा राजपूत ने भी चेहरे पर मुस्कान लाने की विधियां बताई। वहां पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. कल्पनाथ सिंह यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. महीपाल सिंह ने संचालन किया। वहां पर डॉ. रेणुका चौहान, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. स्नेहलता, आकांक्षा चौहान, डॉ. राघव झा, महेंद्र, राजेंद्र, कपिल आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि समाज ने विनय रुहेला को बताईं समस्याएं

**जसपुर :** आपदा प्रबंधन विभाग उपाध्यक्ष विनय रुहेला का वाल्मीकि समाज के लोगों ने स्वागत किया। साथ ही अपनी समस्याएं भी बताईं। रविवार शाम को वाल्मीकि बस्ती में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार के कार्यालय पर पहुंचे विनय रुहेला को भगवान महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट कर समाज के लोगों ने सम्मानित किया। इस दौरान लोगों ने वाल्मीकि धर्मशाला, वाल्मीकि स्मृति द्वार बनाने, वाल्मीकि पार्क का सौन्दर्यकरण कराने की मांग रखी। विनय रुहेला ने उनकी मांगो को जल्द ही पूरा कराने का भरोसा दिलाया। यहां चौधरी ब्रजकिशोर, महेंद्र राही, कुलदीप बंसल, सुरेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, रामकिशोर, राकेश पंवार, रवि केस, बिल्लू, श्रीकृष्ण, अनिल कुमार, छोटेलाल, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, शेखर आदि मौजूद रहे।

### कथा के माध्यम से समाज को संदेश दिया

**काशीपुर :** पैराडाइज कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा मत्स्य अवतार, वामन अवतार, चन्द्र वंश, सूर्य वंश का वर्णन किया गया। कथा के माध्यम से समाज को संदेश दिया कि जब बदलाव या कुछ करने की इच्छा हो तो एक छोटे से स्तर से भी शुरूआत की जा सकती है। श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य रविनंदन शास्त्री ने कहा कि राजा बली ने अहंकार वश वामन भगवान को तीन पग जमीन दान करने का संकल्प किया। वह अपना राजपाठ खो बैठा, सूर्य वंश में राम जी का जन्म हुआ, चंद्र वंश में श्री कृष्ण का जन्म हुआ। वहीं, कन्हैया के जन्म के उपलक्ष्य में गोकुल में बधाई बज रही है, हर तरफ जोश का वातावरण है। इस मौके पर कथा में आचार्य सतीश, आचार्य शानू, मोहित गुप्ता, पंडित शोहित त्रिवेदी, पंडित हिमांशु, शिवानी गुप्ता, बृजेन्द्र पोइया, संजय गोयल मौजूद रहे।

# भीषण आग लगने से 12 एकड़ गेहूं की फसल राख

## घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन की टीम ने पाया काबू

**संवाददाता, काशीपुर**



काशीपुर में गेहूं की फसल जलने से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कुआंखेड़ा विजन वैली स्कूल के पास गेहूं के खेतों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन की दो यूनिटों ने मौके पर पहुंचकर आग को अन्य खेतों तक फैलने से रोक लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग से करीब 12 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

सोमवार दोपहर करीब 12:51 बजे फायर स्टेशन को सूचना मिली कि कुआंखेड़ा क्षेत्र में गेहूं के खेतों में आग सुलग रही है। लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह के नेतृत्व में तत्काल दो फायर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। मौके पर किसान सुरजीत सिंह और करणवीर सिंह के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल धूं-धूं कर जल रही थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभालते हुए एक ओर से मोटर फायर इंजन के होज पाइप और दूसरी ओर से मिनी हाई प्रेशर हौजरील का उपयोग कर चारों तरफ से घेराबंदी की। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग को पूर्ण रूप से बुझाया। फायरमैन चंदन सिंह ने बताया यदि समय पर कार्रवाई न होती, तो आग आसपास के कई एकड़ में फैली फसल को अपनी चपेट में ले सकती थी। किसानों का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन में हुए शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग के कारण उनकी 12 एकड़ में लगी फसल जल गई है। वहीं राजस्व विभाग व यूपीसीएल के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है। टीम में चालक सुमित पवार, सोमवीर सिंह, फायरमैन कृपाल सिंह, आकाश गैरोला, अर्जुन सिंह, पंकज कुमार, बलवंत, फायर वूमेन ज्योति आदि शामिल रहीं।

### जसपुर में आग से ढ़ाई एकड़ गेहूं की फसल राख

**जसपुर :** गेहूं के खेत में आग लगने से किसान का लाखों का नुकसान हो गया। खेत स्वामी ने तहसील प्रशासन को घटना की सूचना दे दी है। सोमवार को ग्राम पतरामपुर निवासी जरनैल सिंह पुत्र हरि सिंह के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग से करीब ढाई एकड़ गेहूं जलकर राख हो गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। खेत स्वामी जरनैल सिंह ने बताया कि आग से एक लाख रुपये से अधिक का गेहूं जलकर राख हो गया। उन्होंने एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाया है। मामले में केस दर्ज नहीं हो सका था। जरनैल ने आग की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी है।

## चेक बाउंस में आरोपी को तीन माह की सजा

**काशीपुरः** चेक बाउंस के मामले में कोर्ट ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है।

कुंडा थाना क्षेत्र के मिस्सरवाला निवासी अब्दुल गफ्फार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जू.डि.) की अदालत में वाद दायर किया। इसमें बताया कि जिला नैनीताल रामनगर के ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी निवासी साकिर से उनकी जान-पहचान थी। पीड़ित ने बताया साकिर ने एक प्लाट 480 वर्ग फीट ग्राम पूछड़ी तहसील रामनगर में बेची। जिसका मालिक अन्य कोई व्यक्ति था। परिवाद ने भूमि का बयाना एक लाख रुपये चेक माध्यम से दिया और शेष राशि छह माह बाद देना तय हुई। साकिर ने रुपये लेने के बाद कहा कि वह इस भूमि पर बुनियाद भर लें। तब उसने बुनियाद भरने में लगभग 53 हजार रुपये खर्च किए। 16 अक्टूबर 2019 को मूल राशि में से एक लाख 52 हजार रुपये व बुनियाद भरने में खर्च हुए 53 हजार रुपये आरोपी ने स्वीकार किए। पीड़ित ने बताया इस तरह आरोपी के पास तीन लाख पांच हजार रुपये पहुंच गए। इसके बाद आरोपी बैनामा कराने में आना-कानी करने लगा। तकादा करने पर आरोपी ने तीन लाख पांच हजार रुपये का चेक उसको दे दिया। जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा, लेकिन भुगतान नहीं किया गया।

# शहीद भगत सिंह की आदमकद कांस्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

- **सांसद, विधायक और महापौर रहे मौजूद**
- **सांसद बोले-महापुरुषों के स्थल सुंदर व भव्य दिखे यह हमारी प्राथमिकता**

**संवाददाता, रुद्रपुर**



शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते सांसद, विधायक, महापौर व अन्य।

**अमृत विचारः** विधायक शिव अरोरा के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग से स्वीकृत शहीद भगत सिंह की आदम कद कास्य प्रतिमा का मुख्य बाजार स्थित भगत सिंह स्मृति स्थल पर सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा ने अनावरण किया। साथ ही सांसद और विधायक निधि से 20 साल से जर्जर हाल में पड़े स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसमें 10 लाख सांसद निधि व 10 लाख विधायक निधि से दिए गये हैं।

सोमवार की सायं कार्यक्रम के दौरान सांसद भट्ट ने कहा कि महापुरुषों के स्थल सुंदर व भव्य दिखे यह हमारी प्राथमिकता है। इसलिए यह भगत सिंह स्मृति स्थल का सौंदर्यीकरण व प्रतिमा का अनावरण किया गया है। हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि मां भारती के वीर सपूत भगत सिंह की आदमकद कांस्य प्रतिमा की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। इनका बलिदान देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार ने शहीदों के सम्मान सैन्य धाम बनाने, महापुरुषों के स्थलों को ऐतिहासिक बनाने का कार्य किया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भगत सिंह चौक जो हजारों आंदोलन, प्रदर्शन व सामाजिक कार्यों का साक्षी रहा है। जिसकी हालत विगत 20 वर्षों से खराब थी। कई जनप्रतिनिधि आये, लेकिन उन्होंने इस शहीद भगत सिंह के पवित्र स्थल की सुध नहीं ली। मगर विधायक बनने के बाद से मेरा संकल्प था इस शहीद भगत सिंह का यह पवित्र स्थल की तस्वीर बदली जाएगी। इससे पूर्व भी बसंतपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कांस्य आदमकद प्रतिमा का उनके द्वारा अनावरण किया गया था। जल्द शहीद ऊधमसिंह की कलेक्ट्रेट स्थित कांस्य आदमकद प्रतिमा का अनावरण इसी प्रकार भव्य दिव्य रूप से किया जाएगा।

महापौर विकास शर्मा ने कहा शहीद भगत सिंह जो देश के खातिर हंसते-हंसते सूली पर चढ़ गए उनका बलिदान देश कभी भुला नहीं सकता। ऐसे महापुरुष के स्थल पवित्र नजर आए यह हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर अरुण चुघ, अजमेर सिंह, हरजीत सिंह, मनमोहन सिंह, सुरेश कोली, प्रीत ग्रोवर, शालनी बोरा, रश्मि, अमित नारंग, प्रथम बिष्ट, सुरमुख सिंह, रेखा यादव, प्रीति धीर, राजेश, अलका सक्सेना, सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, जीतेंद्र संधू, ममता जीना, पवन राणा, मानवेंद्र राय, चंद्रसेन चंदा, राजेश जग्गा, बलवंत अरोरा, राजेश गर्ग, एमपी मौर्य, किशन गंगवार, एसपी यादव, नागेंद्र शर्मा, मुकेश मंडल, रविंद्र धामी, प्रमोद मित्तल, संजय आर्य, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।




काशीपुर में राधेहरि डिग्री कॉलेज में विजयी छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

### निबंध में अभिषेक और भाषण में मानसी रहे अव्वल

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के द्वारा आयोजित संस्कृत परिषद् के तत्वावधान में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में चयनित सभी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में अभिषेक मेहरोत्रा ने प्रथम, निशा द्वितीय एवं सोनू शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि भाषण प्रतियोगिता में मानसी जोशी प्रथम, अभिषेक मेहरोत्रा द्वितीय एवं अनंत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंगलाचरण एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. कल्पनाथ सिंह यादव एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र कुशवाहा, डॉ. कुंवर पाल सिंह एवं डॉ. संतोष कुमार ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया।

## उत्पीड़न मामले में आयोग हुआ सख्त

**काशीपुरः** बहुचर्चित 'आई लव मोहम्मद' मार्च के बाद अल्ली खां और थाना साबिक क्षेत्र में हुए कथित पुलिस उत्पीड़न और मानवाधिकार हनन के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, क्षेत्र के करीब 20,000 निवासियों को गैरकानूनी रूप से घरों में नजरबंद किया गया। आरोप है कि अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात पैदा कर निर्दोष बच्चों, दुकानदारों और राहगीरों को हिरासत में लेकर कानूनी सहायता से वंचित रखा गया।

# क्रिकेटर मयंक मिश्रा का सम्मान

**संवाददाता, रुद्रपुर**



क्रिकेटर मयंक मिश्रा को मोमेंटो देते प्रधानाचार्य और स्कूल प्रबंधन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** होली चाइल्ड स्कूल ने प्रसिद्ध क्रिकेटर मयंक मिश्रा को सभी छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों के समक्ष प्रधानाचार्य ने पुष्प गुच्छ, शॉल, मोमेंटो एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान क्रिकेटर मयंक मिश्रा ने खिलाड़ियों से कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के साथ हमेशा अपने खेल को दिन प्रतिदिन निखारना चाहिए।

सोमवार को स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने कहा कि मयंक एक प्रतिभाशाली बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिन गेंदबाज हैं। वर्ष 2018 में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जोकि आज उत्तराखंड क्रिकेट का एक अहम नाम बन चुके हैं। उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद गठित राज्य की क्रिकेट टीम में यह लगातार हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपना डेब्यू किया और बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिनमें कई बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी, उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) मंजू अधिकारी, एचओडी फिजिकल एजुकेशन सुधाकर सिंह मौजूद रहे।

## शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाने की मांग

**काशीपुरः** राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना और एसआईआर जैसे कार्यों में नहीं लगाने की मांग की है। नगर आयुक्त और तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में राजकीय शिक्षक संघ ने शाखा अध्यक्ष हेमेंद्र पाल सिंह ने कहा कि अप्रैल माह में माध्यमिक विद्यालयों में सत्र प्रारंभ होने से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया एवं शिक्षण कार्य गतिमान है। जनगणना ड्यूटी/एसआईआर ड्यूटी लग जाने के कारण विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया और शिक्षण कार्य प्रभावित होने की संभावना है। कहा कि जनगणना ड्यूटी एवं एसआईआर ड्यूटी में से एक ही ड्यूटी लगाई जाये। शिक्षण कार्य एवं प्रवेश प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए अत्यंत न्यून ड्यूटी लगाई जाये।




देहरादून कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री के साथ सीएमएस एवं रेडियोलॉजिस्ट।

### जसपुर के सीएमएस, रेडियोलॉजिस्ट सम्मानित

**जसपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुधार कार्यों, व्यवस्थाओं एवं बेहतर अल्ट्रासाउंड करने पर स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने सीएमएस समेत रेडियोलॉजिस्ट को सम्मानित किया। रविवार को देहरादून के एक होटल में आयोजित पीएमएचएस एसोसिएशन के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र गहलोत को स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी कराने, इलाज की सुविधा बढ़ाने समेत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। जबकि केंद्र के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विनय यादव को बेहतर अल्ट्रासाउंड करने पर सम्मान दिया गया। दोनों डॉक्टरों के कार्यों पर विधायक आदेश चौहान, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, चेयरमैन नौशाद सम्राट, राजकुमार, नईम प्रधान, विनीत चौहान, शीतल जोशी, राजीव कुमार, ब्रिजेन्द्र गहलोत, गौतम गिरी ने बधाई दी।

# सरस्वती एकेडमी में मनी आंबेडकर जयंती

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचारः** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। चेयरपर्सन ज्योति पाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम पारंपरिक लैंप लाइटिंग के साथ किया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें ड्राइंग, स्पीच, क्विज तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। चेयरपर्सन पाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सरस्वती एकेडमी बिरागबाग में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बच्चे व शिक्षक।

### बाबा साहब की जयंती पर गूंजेगा जय भीम का नारा

**खटीमा :** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती पर आज निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस वर्ष भीम जन्मोत्सव की यह यात्रा न केवल धार्मिक और सामाजिक उल्लास का प्रतीक होगी बल्कि खटीमा के इतिहास में अब तक की सबसे विशाल शोभायात्रा के रूप में दर्ज होगी। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. उत्तम कुमार ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भीम अनुयायी शिरकत करेंगे। खटीमा विधानसभा के समस्त गांवों के प्रबुद्ध जनों के नेतृत्व में निकलने वाली इस यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ने की उम्मीद है। डॉ. कुमार ने कहा, "हम बाबा साहब के ' 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' ' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए इस उत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे।

## महिलाएं सदन में बनेंगी नीति निर्माता

**रुद्रपुरः** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान और महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को ऐतिहासिक बताया।

वक्ताओं ने कहा कि यह कानून महिलाओं को केवल योजनाओं के लाभार्थी तक सीमित न रखकर उन्हें शासन और नीति निर्धारण की मुख्यधारा में लाएगा। दर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि 33% आरक्षण से लोकतंत्र सुदृढ़ होगा और महिलाएं सदन में बैठकर राष्ट्र निर्माण की भूमिका निभाएंगी। रश्मि रस्तोगी ने पंचायतों में 46% प्रतिनिधित्व का हवाला देते हुए संसद और विधानसभाओं में भी महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को समावेशी शासन के लिए जरूरी बताया।



राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित होते मुशाहिद अली।

### राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से मुशाहिद सम्मानित

**खटीमा :** इस्लामनगर निवासी सीआरपीएफ जवान मुशाहिद अली को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुशाहिद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में वर्ष 2014 में दिल्ली से भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने देश के अलग-अलग स्थानों पर अपनी ड्यूटी की। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई 2019 में उनकी टीम ने बिहार-औरंगाबाद बार्डर पर स्थित चकरबंदा नामक स्थान पर सर्च एंड डिस्ट्राय आपरेशन (शैडो) चलाया था, तब वे कोबरा कमांडो में तैनात थे। 25 जुलाई 2019 को उन्होंने चकरबंदा में तीन नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस बहादुरी के लिए उनका नाम राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार के लिए भेजा गया, जिसकी घोषणा 26 जनवरी 2025 को हुई थी।

**पहल** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया अनावरण, भव्य शोभायात्रा निकाली गई

# डॉ .आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के ग्राम ब्रह्मनगर, कुंडेश्वरी में सोमवार को भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी एवं 'भारत रत्न' डॉ.भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।



डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशपाल आर्य ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्षपूर्ण जीवन और उनके महान विचार समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने शोषित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और देश को एक मजबूत संविधान प्रदान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को संवैधानिक मूल्यों एवं लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। साथ ही उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर समतामूलक समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बताया गया कि इस प्रतिमा की स्थापना लगभग 10 लाख रुपये की लागत से की गई है। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं के साथ नेता प्रतिपक्ष का जोरदार स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस दौरान उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, डीके जोशी, महक सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश लखेड़ा, डा.गजपाल सिंह, रोहित सिंह, गुरबचन सिंह, शौर्य दत्त लखेड़ा, डा.सुभाष, दिलीप सिंह, प्रेम सिंह, सत्येंद्र कुमार, बबलू, देवेंद्र, नवदीप कांग, उमेश जोशी, संदीप सहगल, हरीश कुमार, अनुपम शर्मा, अर्पित, दीपिका, गुड़िया, अलका पाल, प्रेम शर्मा मौजूद रहे।

# गेहूं तौल की कम लिमिट पर आक्रोश

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में सोमवार को आरएफसी (क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक) द्वारा गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ होते ही विवाद खड़ा हो गया। सरकार द्वारा तौल के लिए निर्धारित मात्र 300 क्विंटल की सीमित क्षमता से नाराज दर्जनों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में केंद्र पर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की।

किसान नेताओं का कहना है कि सीजन की शुरुआत में इतनी कम लिमिट तय करना किसानों के साथ भद्दा मजाक है। हजारों किसानों की उपज के सामने यह व्यवस्था पूरी तरह नाकाफी है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। हंगामे की सूचना मिलते ही एसएमआई नलिकांत मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया।



बाजपुर की अनाज मंडी में क्रय केंद्र पर प्रदर्शन करते किसान।

### नानकमत्ता में किसानों के 751 कुंतल तौल हुई

**नानकमत्ता :** मंडी में गेहूं तौल जोरों पर है। अप्रैल माह मध्य तक कुल 751 कुंतल गेहूं की तौल हुई है। साथ ही अभी तक 200 से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है। वरिष्ठ विपणन अधिकारी जगदीश कलोनी ने बताया कि 800 कुंतल गेहूं की तौल की अनुमति मिली थी, जिसमें से 751 कुंतल तौल हो चुकी है। वहीं गेहूं का बाजार मूल्य कम होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन क्रय केंद्र की लिमिट निर्धारित नहीं होने से किसानों के गेहूं तौल में परेशानी का समाना करना पड़ रहा है, किसान मंडी में गेहूं तौल का इंतजार कर रहे हैं।

## बाजपुर कोतवाली का निरीक्षण किया

**बाजपुरः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय गणपति ने सोमवार को बाजपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और अभिलेखों की गहन समीक्षा की। गार्द की सलामी के बाद उन्होंने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क और बैरकों का बारीकी से निरीक्षण किया। एसएसपी ने रिकॉर्ड प्रबंधन की कमियों को दूर करने और लंबित विवेचनाओं, वारंटों व शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जवानों की शस्त्र हैंडलिंग और आपदा प्रबंधन उपकरणों की कार्यक्षमता भी परखी। मीडिया से वार्ता में उन्होंने बताया कि कोतवाली में अनुशासन और स्टाफ कल्याण की स्थिति संतोषजनक है।

